
RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

कैंसर मतलब जिंदगी खत्म नहीं, सोहा अली के शो में हिना खान ने बताया मुश्किल दौर का अनुभव



पेज 07

VOL: 03 | ISSUE 332 | SATURDAY DATE 20-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## दिल्ली में प्रदूषण मौसमी नहीं, वर्षों की नीतिगत विफलताओं का नतीजा: आशीष सूद

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**

दिल्ली सरकार के शिक्षा, शहरी विकास, गृह एवं ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि राजधानी में प्रदूषण कोई मौसमी समस्या नहीं, बल्कि पिछली सरकारों की वर्षों की नीतिगत विफलताओं का परिणाम है। सचिवालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने बीते 10 महीनों में वर्तमान सरकार द्वारा उठाए गए ठोस कदमों और भविष्य की कार्ययोजना का विवरण दिया। आशीष सूद ने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने विज्ञापनों और कथित झूठे आंकड़ों के जरिए जनता को गुमराह किया। उन्होंने कहा कि प्रदूषण से निपटने के बजाय केवल पीआर आधारित अभियानों पर जोर दिया गया।

मंत्री ने बताया कि कैग की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2017-18 में लगाए गए करीब 30 प्रतिशत एक्यूआई मॉनिटरिंग स्टेशन जानबूझकर ग्रीन एरिया में स्थापित किए गए, जिससे प्रदूषण के वास्तविक स्तर को छिपाया जा सके।



उन्होंने कहा कि ह्यऑड-ईवनह्व और ह्यरेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफह्व जैसे अभियान वैज्ञानिक आधार से रहित थे और इन्हें केवल पीआर स्टंट के रूप में चलाया गया। सूद ने यह भी याद दिलाया कि सर्वोच्च न्यायालय को यह टिप्पणी करनी पड़ी थी कि विज्ञापनों के लिए तो धन है, लेकिन आरआरटीएस जैसे अहम परिवहन प्रोजेक्ट्स के लिए नहीं।

आशीष सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार दिखावटी उपायों के बजाय दीर्घकालिक प्रशासनिक सुधारों पर काम कर रही है।

11 अक्टूबर 2025 से निर्माण कार्यों में सीएंडडी वेस्ट से तैयार पुनर्चक्रित सामग्री का उपयोग अनिवार्य कर दिया गया है। इसके बिना सिविल कार्यों का भुगतान नहीं किया जाएगा। भलस्वा लैंडफिल को सितंबर 2026 तक समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए 18 लाख मीट्रिक टन कचरे के निपटान का टेंडर जारी किया जा चुका है। डेयरी वेस्ट के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए नंगली सकरावती और घोगा डेयरी में बायोगैस प्लांट शुरू किए गए हैं। धूल प्रदूषण को रोकने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में एक मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन उपलब्ध कराई जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली से कई एयरलाइन की 27 उड़ानें और इंडिगो की 59 घरेलू उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।** घने कोहरे और उसकी वजह से दृश्यता कम होने के कारण गुरुवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर कई एयरलाइन की 27 उड़ानों के परिचालन में देरी हुई। आधिकारिक सूत्र ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बीच इंडिगो की वेबसाइट के मुताबिक उसने अपने घरेलू नेटवर्क में 59 उड़ानें रद्द कर दी हैं। सूत्र ने बताया कि घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर 16 प्रस्थान और 11 आगमन से जुड़ी अब तक 27 उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। यात्रियों के लिए जारी एक परामर्श में डायल ने कहा कि घने कोहरे के कारण उड़ान संचालन वर्तमान में कैट (श्रेणी)-तीन की स्थितियों के अंतर्गत आता है। इस तरह की परिस्थितियों में परिचालन में देरी या व्यवधान हो सकता है। इंडिगो की वेबसाइट के मुताबिक एयरलाइन ने गुरुवार को 59 उड़ानें रद्द की थी और शुक्रवार के लिए 28 और उड़ानें रद्द कीं। हालांकि, इंडिगो ने इसका कोई कारण नहीं बताया।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने गोवा मुक्ति दिवस पर दीं राज्य के लोगों को शुभकामनाएं

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को गोवा के मुक्ति दिवस पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं और कहा कि राष्ट्र उन वीरों को याद कर रहा है जिन्होंने औपनिवेशिक शासन के खिलाफ निरंतर संघर्ष किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक पोस्ट में कहा कि देश स्वतंत्रता सेनानियों और सशस्त्र बलों के दृढ़ संकल्प और अडिग समर्पण के लिए उन्हें सलाम करता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि मैं गोवा के लोगों को उज्जवल और समृद्ध भविष्य की शुभकामनाएं देती हूं।



## एसआईआर अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे बसपा: मायावती

**लखनऊ, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने चुनाव आयोग द्वारा संचालित वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए सभी राज्य इकाइयों को इसे पूरी तत्परता से पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उन्होंने पार्टी संगठन की अन्य गतिविधियों को आवश्यकतानुसार कुछ समय के लिए स्थगित करने को भी कहा है। पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित ऑल इंडिया बैठक में चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को छोड़कर देशभर की राज्य इकाइयों के पदाधिकारी शामिल हुए। बीएसपी प्रमुख ने चुनावी व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वोटर लिस्ट को शुद्ध करने के साथ ही देश की चुनावी प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने धनबल, बाहुबल और सरकारी साम, दाम, दंड, भेद जैसे हथकंडों से चुनाव को मुक्त कराने के लिए सख्त कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। मायावती ने हाल के वर्षों में, विशेषकर बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले सरकारी धन वितरण के माध्यम से चुनाव को प्रभावित करने के प्रयासों को बेहद गंभीर मामला बताया।

## योग ने पूरी दुनिया को स्वास्थ्य, संतुलन और सामंजस्य का रास्ता दिखाया: मोदी

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में आयोजित विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के पारंपरिक चिकित्सा पर दूसरे वैश्विक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने वैश्विक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज डब्ल्यूएचओ ग्लोबल समिट ऑन ट्रेडिशनल मेडिसिन समिट का समापन दिन है। पिछले तीन दिनों में यहां पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े दुनियाभर के विशेषज्ञों ने गंभीर और सार्थक चर्चा की है। मुझे खुशी है कि इसके लिए भारत एक मजबूत प्लेटफॉर्म का काम कर रहा है और इसमें डब्ल्यूएचओ की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं इस सफल आयोजन के लिए डब्ल्यूएचओ का, भारत सरकार के आयुष मंत्रालय का और यहां उपस्थित सभी प्रतिभागियों के हृदय से आभार प्रकट करता हूं।

उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए गौरव की बात है कि डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन भारत के जामनगर में स्थापित हुआ है। 2022 में ट्रेडिशनल मेडिसिन की पहली समिट को विश्व ने बड़े भरोसे के साथ भारत को सौंपा था। हम सबके लिए खुशी की बात है कि इस ग्लोबल सेंटर का



यश और प्रभाव ग्लोबली एक्सपेंड कर रहा है। इस समिट की सफलता इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि इस समिट में ट्रेडिशनल नॉलेज और मॉर्डन प्रैक्टिस का संगम हो रहा है। समिट में विभिन्न देशों के स्वास्थ्य मंत्रियों और प्रतिनिधियों के बीच विस्तार से संवाद भी हुआ है। इस संवाद ने जॉइंट रिसर्च को बढ़ावा दिया है, नियमों को सरल बनाया है, और ट्रेनिंग और नॉलेज शेयरिंग के लिए नए रास्ते खोले हैं। ये सहयोग आगे चलकर ट्रेडिशनल मेडिसिन को अधिक सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि इस समिट में कई अहम विषयों पर सहमति बनना हमारी मजबूत साझेदारी का प्रतिबिंब है, रिसर्च को मजबूत करना, ट्रेडिशनल मेडिसिन के क्षेत्र में डिजिटल टेक्नोलॉजी का यूज बढ़ाना, और ऐसे रेगुलेटरी फ्रेमवर्क तैयार करना जिन पर पूरी दुनिया भरोसा कर सके। ऐसे मुद्दे ट्रेडिशनल मेडिसिन को सशक्त करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली का एक अहम हिस्सा योग भी है। योग ने पूरी दुनिया को स्वास्थ्य, संतुलन और सामंजस्य का रास्ता दिखाया है। भारत के प्रयासों और 175 से ज्यादा देशों के सहयोग से संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को योग दिवस घोषित किया गया था। बीते वर्षों में हमने योग को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचते देखा है। योग पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों का अभिन्न अंग है। इसने विश्व को स्वास्थ्य, संतुलन और सामंजस्य का मार्ग दिखाया है।

उन्होंने कहा कि आज दिल्ली में डब्ल्यूएचओ के साउथ-ईस्ट एशिया रीजनल ऑफिस का उद्घाटन भी किया गया है। ये भारत की तरफ से एक विनम्र उपहार है। यह एक ऐसा ग्लोबल हब है, जहां से रिसर्च, रेगुलेशन और कैपेसिटी बिल्डिंग को बढ़ावा मिलेगा। आयुर्वेद में बैलेंस, अर्थात संतुलन, को स्वास्थ्य का पर्याय कहा गया है। जिसके शरीर में ये बैलेंस बना रहता है, वही स्वस्थ है, वही हेल्दी है। रिस्टोरिंग बैलेंस आज ये केवल एक ग्लोबल कॉज ही नहीं है, बल्कि ये एक ग्लोबल अर्जेंसी भी है।

## दिल्ली में आबादी देह सर्वे शुरू करेगी सरकार: रेखा गुप्ता

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**

दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षों से लंबित चली आ रही आबादी देह भूमि की पहचान, स्वामित्व और दस्तावेजी अस्पष्टता को समाप्त करने की दिशा में दिल्ली सरकार ने एक ऐतिहासिक व दूरगामी पहल की है।

अब आबादी देह क्षेत्रों का व्यापक सर्वेक्षण होगा, उनका रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा, साथ ही सत्यापन और कंप्यूटरीकरण भी किया जाएगा। दिल्ली सरकार इस विस्तृत प्रक्रिया को कानूनी और प्रशासनिक ढांचे के तहत लागू करने जा रही है। यह पहल न केवल भूमि प्रबंधन प्रणाली को मजबूत बनाएगी, बल्कि ग्रामीणों को स्वामित्व का वैधानिक प्रमाण और वित्तीय सुरक्षा देने में भी निर्णायक भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार ने ग्रामीण आबादी देह क्षेत्रों में संपत्ति स्वामित्व के अधिकारों को सुनिश्चित करने और दशकों पुराने सीमा विवादों को समाप्त करने की



दिशा में एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 24 अप्रैल 2020 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर शुरू की गई स्वामित्व योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए दिल्ली सरकार ने ह्यदिल्ली आबादी देह सर्वेक्षण और अभिलेख संचालन नियमावली, 2025ह्व का मसौदा तैयार कर लिया है। इस सरकारी मसौदे में ड्रोन आधारित हवाई सर्वे, मैदानी सत्यापन, सार्वजनिक आपत्ति प्रक्रिया, विवाद निपटान, डिजिटल रिकॉर्ड और संपत्ति कार्ड जारी करने तक की पूरी कार्यप्रणाली को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी व्यक्ति के अधिकारों का हनन न हो और भूमि से जुड़े विवादों का समाधान पारदर्शी, समयबद्ध और न्यायसंगत तरीके से हो सके। सरकारी प्रावधानों के अनुसार आबादी देह सर्वे की प्रक्रिया राजस्व विभाग के प्रत्यक्ष नियंत्रण में संचालित की जाएगी। सर्वे टीम और तकनीकी एजेंसी संयुक्त रूप से गांवों की आबादी देह, विस्तारित आबादी देह, तथा अन्य अधिसूचित क्षेत्रों में आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए सर्वे कार्य करेंगी। इस प्रक्रिया में ड्रोन और हवाई फोटोग्राफी के माध्यम से डिजिटल डेटा एकत्र किया जाएगा, जिससे प्रत्येक प्लॉट की सटीक स्थिति, आकार और सीमा को रिकॉर्ड किया जा सके। हालांकि तकनीक आधारित सर्वे के साथ-साथ मैदानी सत्यापन अनिवार्य होगा।

## विकसित भारत-जी राम जी मनरेगा का सुधार नहीं: राहुल गांधी

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**

मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत-जी राम जी करने पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी मनरेगा का सुधार नहीं है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का यह बयान उस वक्त आया है जब विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन विधेयक ह्यजी राम जीह्व को भारी हंगामे के बीच 18 दिसंबर को लोकसभा में पारित कर दिया गया। यह विधेयक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 को निरस्त कर उसकी जगह लेगा। विपक्ष सरकार के इस कदम पर लगातार हमलावर है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल



मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर आपत्ति जताई। एक्स पर राहुल गांधी ने लिखा कि कल रात, मोदी सरकार ने एक ही दिन में मनरेगा के बीस साल खत्म कर दिए। विकसित भारत-जी राम जी मनरेगा का सुधार नहीं है। यह अधिकार-आधारित, मांग-आधारित गारंटी को खत्म कर देता है और इसे एक राशन वाली योजना में बदल देता है जिसे दिल्ली से कंट्रोल किया जाता है।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया

**लोनी, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।** बॉर्डर थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान बृहस्पतिवार सुबह बेहटा नगर से हत्या के प्रयास में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि बीते 19 मई को आंबेडकर नगर कॉलोनी में दो पक्षों में मारपीट व पथराव हो गया था। मौके पर फायरिंग की गई थी। मामले में पुलिस ने अपनी तरफ से दोनों पक्षों के पीयूष, अमन, विशाल निवासी बेहटा हाजीपुर थाना लोनी बॉर्डर और गौरव निवासी दिलशाद गार्डन को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस मामले में फरार चल रहे नितिन निवासी बेहटा हाजीपुर को बेहटा नहर रोड से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अमन से वर्चस्व की लड़ाई के चलते मारपीट करो के बाद पथराव करना स्वीकार किया है।

### जमीन बेचने के नाम पर सगे भाईयों ने ठगे 35.71 लाख

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।** प्लॉट व फ्लैट बनाकर बेचने वाली कंपनी को जमीन बेचने के नाम पर दो सगे भाइयों ने 35.71 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। कंपनी प्रबंधन की तरफ से दोनों सगे भाइयों व दो गवाहों के खिलाफ वेव सिटी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि दिल्ली के मंडावली फजलपुर में रहने वाले राजेश कुमार चौधरी के मुताबिक शाहपुर बम्हैटा निवासी दो सगे भाइयों कल्लू व प्रेमदास के अलावा वहीं के रहने वाले सतेंद्र व ससो कुमार को आरोपी बनाया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह एक बिल्डर कंपनी में मैनेजर है। उनकी कंपनी विभिन्न प्रदेशों में प्लॉट व फ्लैट बनाकर बेचने का कार्य करती है। उनकी कंपनी ने बैनामा के जरिए वर्ष 2006 में कल्लू व प्रेमदास से तीन खसरों की भूमि खरीदी थी।

# 18 वर्षीय युवक की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या, तीन नाबालिग हिरासत में

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**

दिल्ली के वसंत विहार इलाके में सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां 18 वर्षीय एक युवक की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई। जिसने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामले में शामिल तीन नाबालिग आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।




दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 18 दिसंबर को सी-ब्लॉक, कुसुमपुर पहाड़ी, वसंत विहार थाना क्षेत्र में पुलिस को दोपहर करीब 1:23 बजे एक युवक पर चाकू से हमला करने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही वसंत विहार थाने की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। क्राइम टीम और फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने घटना स्थल का मुआयना कर सबूत जुटाए। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि 18 वर्षीय युवक को सीने में चाकू लगा था। परिवार वालों ने घायल युवक को तत्काल एम्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरूआती जांच के अनुसार, यह घटना मामूली कहासुनी के बाद हुई। बताया जा रहा है कि किसी छोटी सी बात पर हुए झगड़े के दौरान, तीन नाबालिगों ने मिलकर धारदार हथियार से पीड़ित युवक पर हमला कर दिया। इस खौफनाक हमले में युवक की जान चली गई।

वसंत विहार थाने में एफआईआर नंबर 311/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1)/3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए, घटना में शामिल तीनों नाबालिगों को पकड़ लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

# दिल्ली पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर धोखाधड़ी रैकेट का किया भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की अंतरराज्यीय प्रकोष्ठ (आईएससी) ने ऑनलाइन निवेश घोटालों में शामिल एक बड़े अंतरराज्यीय साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि दो अलग-अलग मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और लगभग 24 करोड़ रुपए के धन के लेन-देन का पता लगाया गया है।

पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि यह रैकेट फर्जी व्हाट्सएप ग्रुप और फर्जी ट्रेडिंग एप्लिकेशन के जरिए संचालित होता था। एसीपी रमेश लांबा के मार्गदर्शन में इंस्पेक्टर शिवराज बिष्ट और सतेंद्र खारी के नेतृत्व वाली टीमों ने ये गिरफ्तारियां कीं। आरोपियों ने फर्जी मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए निवेश पर भारी रिटर्न का वादा करके भोले-भाले पीड़ितों को निशाना बनाया। पहले मामले में एक शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल करके और सीवेंटुरा नामक फर्जी ट्रेडिंग एप्लिकेशन इंस्टॉल करने के लिए राजी करके उससे 31.45 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई।

पीड़ित ने ग्रुप के डी-एक्टिवेट होने से पहले छह अलग-अलग बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर किए। साइबर नेशनल डिपार्टमेंट ऑफ इंजीनियरिंग (एनईडी) में एफआईआर दर्ज की गई और बाद में जांच



के लिए क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई।

जांच के दौरान पुलिस ने कई फर्जी खातों के जरिए पैसे का पता लगाया और पंजाब के लुधियाना और खन्ना में छापेमारी की, जिसके परिणामस्वरूप रूपनगर से राजीव (33) और लुधियाना से मोनू कुमार (27) को गिरफ्तार किया गया। राजीव के खाते में इस मामले से 6.45 लाख रुपए आए थे और कई साइबर धोखाधड़ी शिकायतों से जुड़े एक करोड़ रुपए से अधिक के लेनदेन दर्ज किए गए थे। मोनू कमीशन लेकर बैंक खाते खोलने और बेचने में मदद कर रहा था। उसके दो अन्य साथी अभी भी फरार हैं। दूसरे मामले में, एक पीड़ित को ह्वावीआईपी 10 स्टॉक शेयरिंग ग्रुप नामक व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल होने और फर्जी वर्ग एप्लिकेशन के माध्यम से निवेश करने के बाद 47.15 लाख रुपए का चूना लगाया गया। जांच में पता चला कि धनराशि कई राज्यों में फैले नौ बैंक खातों के माध्यम से भेजी गई थी। हरियाणा और राजस्थान में छापेमारी के बाद मोहित, बलवान और राजबीर सिंह को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पाया कि मोहित और राजबीर पहले स्तर के खाता प्रदाता के रूप में काम कर रहे थे, जिनके खातों के माध्यम से कम समय में लगभग 23 करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ, जबकि बलवान कमीशन पर बैंक खाते खुलवाने वाले मध्यस्थ के रूप में काम कर रहा था।

पुलिस ने बताया कि जांच से कई राज्यों में फर्जी ऐप, व्हाट्सएप ग्रुप और कई स्तरों वाले बैंकिंग चैनलों का उपयोग करके संचालित एक सुनियोजित साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का पदार्फाश हुआ है।



### जहाजों व बंदरगाहों की सुरक्षा के लिए होगा ब्यूरो ऑफ पोर्ट सिक्योरिटी का गठन, शाह ने दिए निर्देश

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।** भारत की समुद्री सुरक्षा रणनीति में बड़े बदलाव की तैयारी केंद्र की मोदी सरकार ने कर दी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में लिया गया निर्णय बंदरगाहों और व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस व्यापारिक जहाजरानी अधिनियम, 2025 की धारा 13 के तहत एक वैधानिक निकाय के रूप में स्थापित किया जाएगा। जैसे हवाई अड्डों की सुरक्षा के लिए नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) काम करता है, वैसे ही अब बंदरगाहों के लिए बीओपीएस नियामक और निगरानी का काम करेगा। इसका नेतृत्व पे-लेवल 15 के एक आईपीएस अधिकारी करने वाले है। शुरूआती एक साल के संक्रमण काल के दौरान महानिदेशक जहाजरानी (डीजीएस) इसके प्रमुख की भूमिका निभाएंगे। सुरक्षा उपायों को एक साथ थोपने के बजाय चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। इसमें बंदरगाह की लोकेशन, व्यापार क्षमता और उसकी संवेदनशीलता का आकलन किया जाएगा। डिजिटल खतरों को देखकर इसमें एक समर्पित विभाग होगा जो बंदरगाह के आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को मान्यता प्राप्त सुरक्षा संगठन (आरएसओ) नामित किया गया है। सीआईएसएफ अब बंदरगाहों के सुरक्षा आकलन और योजना तैयार करने का काम भी संभालेगी। वर्तमान में बंदरगाहों की सुरक्षा अलग-अलग एजेंसियों के बीच बंटी हुई है। बीओपीएस के आने से सुरक्षा संबंधी सूचनाओं का संग्रह और आदान-प्रदान एक ही छत के नीचे हो सकेगा। यह कदम इंटरनेशनल शिप एंड पोर्ट फैसिलिटी सिक्योरिटी (आईएसपीएस) कोड के अनुपालन को और अधिक प्रभावी बनाएगा।

### सीएम धामी ने बेहतर काम करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया

**देहरादून, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजधानी देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह में प्रदेश के उन अधिकारियों को सम्मानित किया, जिन्होंने विकास के मानकों पर बेहतर प्रदर्शन किया है। नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए ये पदक और प्रशस्ति पत्र आकांक्षी जनपद और आकांक्षी विकास खंड कार्यक्रमों के तहत निर्धारित लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त करने के लिए दिए गए। आकांक्षी जनपदों की श्रेणी में ऊधम सिंह नगर का दबदबा देखने को मिला। यहाँ के जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया को 6 में से 5 विकास संकेतकों को हासिल करने के लिए रजत पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

वहीं, हरिद्वार जिलाधिकारी मयूर दीक्षित को 3 संकेतकों की सफलता के लिए कांस्य पदक से नवाजा गया। विकास खंड स्तर पर भी अधिकारियों ने अपनी कार्यकुशलता का लोहा मनवाया। गदरपुर (ऊधम सिंह नगर) के लिए डीएम नितिन सिंह भदौरिया और मोरी (उत्तरकाशी) के लिए डीएम प्रशांत आर्या को 5-5 संकेतकों के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए रजत पदक दिए गए। स्याल्दे (अल्मोड़ा) के लिए जिलाधिकारी अंशुल सिंह को 4 संकेतकों पर बेहतर कार्य के लिए कांस्य पदक मिला। शासन के वरिष्ठ अधिकारियों में आलोक कुमार पाण्डे (पूर्व जिलाधिकारी अल्मोड़ा) और मेहरबान सिंह बिष्ट (पूर्व जिलाधिकारी उत्तरकाशी) को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गदरपुर की खंड विकास अधिकारी आतिया परवेज, मोरी के शशि भूषण बिंजोला को रजत पदक और स्याल्दे के खंड विकास अधिकारी शैलेन्द्र जोशी को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया।

# बैंक धोखाधड़ी मामले में सीबीआई कोर्ट का सख्त फैसला: चार आरोपियों को 4 साल कैद और 1 लाख जुर्माना

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**

दिल्ली की विशेष सीबीआई कोर्ट ने बैंक धोखाधड़ी के एक पुराने मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 18 दिसंबर 2025 को चार आरोपियों को चार-चार साल की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक आरोपी पर 1-1 रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

कोर्ट ने संजय चतुर्वेदी, अमित चतुर्वेदी, सुमित चतुर्वेदी और प्रवीण जुनेजा को दोषी करार देते हुए प्रत्येक को चार साल की कैद की सजा सुनाई। यह मामला इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (आईडीबीआई) से 15 करोड़ रुपए के टर्म लोन की धोखाधड़ी से जुड़ा है।

सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने 9 फरवरी 2009 को प्रारंभिक जांच के बाद मामला दर्ज किया था। आरोप था कि इन चारों आरोपियों ने आपस में साजिश रचकर आईडीबीआई बैंक को धोखा दिया। आरोपियों ने लोन लेने के लिए झूठी जानकारी और जाली दस्तावेज जमा किए। लोन की राशि को उस उद्देश्य के लिए इस्तेमाल करने की बजाय अन्य




कार्यों में डायवर्ट कर दिया, जिसके लिए लोन स्वीकृत हुआ था। इससे बैंक को भारी वित्तीय नुकसान हुआ। सीबीआई की जांच में यह साफ हुआ कि आरोपियों की मिलीभगत से बैंक की प्रक्रियाओं का दुरुपयोग किया गया। जांच पूरी होने पर सीबीआई ने 22 अप्रैल 2010 को आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की।

लंबे ट्रायल के बाद कोर्ट ने सबूतों और गवाहों के आधार पर सभी आरोपियों को दोषी ठहराया और सजा सुनाई। यह फैसला बैंकिंग सेक्टर में धोखाधड़ी के खिलाफ सख्त संदेश देता है। देश में बैंक फ्रॉड के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, और ऐसे फैसले जांच एजेंसियों की मुस्तैदी को दिखाते हैं। जाली दस्तावेज और फंड डायवर्जन जैसे तरीके आम हैं, जिससे सार्वजनिक बैंकों को करोड़ों का नुकसान होता है।

# फर्जी शेयर ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म से 3 करोड़ की ठगी, पुलिस ने एक और आरोपी दबोचा

» **नोएडा, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**

नोएडा की थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने फर्जी शेयर मार्केट प्लेटफॉर्म के जरिए निवेश के नाम पर करीब 3 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले गिरोह से जुड़े एक और अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आमेंद्र शाक्य पुत्र किशनपाल, निवासी ग्राम डौरी नरोत्तमपुर, थाना सिविल लाइन, बदायूं (उम्र 20 वर्ष) के रूप में हुई है।

पुलिस ने गुरुवार को सूचना के आधार पर एक मुकदमे में कार्रवाई करते हुए आरोपी को जिला बदायूं से गिरफ्तार किया। इस मामले में पूर्व में दो अन्य अभियुक्त, तेजपाल और रुपेंद्र, की गिरफ्तारी हो चुकी है।

फेसबुक के जरिए जाल में पीड़ित को फंसाया गया। मामले का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित ने 20 नवंबर को थाना साइबर क्राइम नोएडा में शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत के अनुसार, एक महिला ने फेसबुक के माध्यम से दोस्ती कर विश्वास कायम किया और फर्जी निवेश प्लेटफॉर्म पर कम समय में अधिक मुनाफे का लालच देकर अलग-अलग खातों में करीब 3 करोड़ रुपए ट्रांसफर करवा लिए। शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध खातों को फ्रीज कराया।

पूछताछ में अभियुक्त आमेंद्र शाक्य ने बताया कि उसके पड़ोसी गांव के तेजपाल ने उसे



करंट बैंक अकाउंट उपलब्ध कराने के बदले कमीशन का लालच दिया। इसी लालच में आकर उसने अपने दस्तावेज देकर जीएसटी फर्म बनवाई और बैंक ऑफ बड़ौदा में करंट खाता खुलवाया। इसके बाद वह तेजपाल और उसके साथी रुपेंद्र के साथ मुंबई गया, जहां खाता खोलने के एवज में उसे कुल 1 लाख रुपए दिए गए। जांच में सामने आया कि इस खाते में करीब 1 करोड़ रुपए का लेन-देन हुआ है।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि उक्त खाते से जुड़े मामलों को लेकर एनसीआरपी पोर्टल पर उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में कुल पांच शिकायतें दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक टेक्नो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया है। साइबर क्राइम पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए निवेश से संबंधित ई-मेल या लिंक पर बिना जांच क्लिक न करें।

# डॉ. कमल गुप्ता ने दक्ष कामरा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए दिया आशीर्वाद

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 19 दिसम्बर। पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने हरियाणा के हिसार जिले के जहाजपुल क्षेत्र निवासी उभरते हुए ऑलराउंडर क्रिकेटर दक्ष कामरा के आवास पर पहुंचकर उन्हें उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. गुप्ता ने दक्ष कामरा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में अबूधाबी में आयोजित आईपीएल 2026 की मिनी नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम ने दक्ष कामरा को 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर अपनी टीम में शामिल किया है। इसके साथ ही दक्ष कामरा आईपीएल 2026 सीजन में खेलते हुए नजर आएंगे।

यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत करियर की बड़ी छलांग है, बल्कि हिसार जिले के खेल इतिहास में भी एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज की जा रही है।

पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि दक्ष कामरा की यह सफलता न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे हिसार जिले और हरियाणा प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने





कहा कि आज का युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के बल पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर रहा है, जो आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है।

डॉ. गुप्ता ने विश्वास व्यक्त किया कि दक्ष कामरा अपनी प्रतिभा और खेल भावना से आईपीएल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे तथा भविष्य में भारतीय क्रिकेट को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान देंगे। इस अवसर क्षेत्रवासी उनके साथ गए पार्टी कार्यकर्ताओ ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और शुभकामनायें दी । इस अवसर पर लोकेश असीजा, दीपक अग्रवाल, कृष्ण बिश्नोई, अनुज जैन, अनिल गोदारा, सुनील वर्मा, अशोक मित्तल, सुशील सैनी, धर्म सिंह खड़कड़ आदि उपस्थित रहें।

# आदमपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी वासी न्यायालय में जाने की तैयारी मे - एडवोकेट राहुल बंसल

हरियाणा, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।

पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी भजनलाल के आदेश से बनाई गई मंडी आदमपुर की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी को अब पब्लिक हेल्थ डिपार्मेंट डुबोने जा रहा है। प्राप्त जानकारी के हाउसिंग बोर्ड निवासी मकान नंबर 55 एडवोकेट राहुल बंसल ने बताया कि मंडी आदमपुर हाउसिंग निवासी न्यायालय में जाने की तैयारी में है। क्योंकि पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा ठेकेदारों की मिली भगत से वहां बनाई जाने वाली सडके मिटी डाल कर इतनी ऊंची कर दी जिसके कारण बरसात के समय में उन सब के घरो में पानी चला जाएगा। जिससे उनको आर्थिक व मानसिक परेशानी का सामना उठाना पड़ेगा। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी विभाग द्वारा यह मकान उस समय केवल निम्न वर्ग के लोगों को ही अलाट किए गए थे जो कि अब उसे तोड़कर ऊंचा उठाने में असमर्थ है। कॉलोनी वासियों द्वारा विभाग के अधिकारियों को बार-बार रिक्वेस्ट करने के बावजूद भी उन्होंने इस और कोई ध्यान नहीं दिया।कुछ समय पहले बनाएं गए मेन होल बरसाती पानी की निकासी के लिए जोकि ज्यादा गहरे नहीं है अपनी इस गलती को छुपाने के लिए सड़क को ऊंचा किया जा रहा है। और उसके ऊपर लगाए गए ढक्कन पहले वाली सड़क से एक-एक फीट ऊंचे है । होदीयां जहां बहुत छोटी बनाई है वहां पर लगाए गए ढक्कन कहीं तो बहुत ऊंचे हैं या बहुत नीचे। फटाफट में किए गए इस कार्य में अपनी कमी को छुपाते हुए विभाग के




अधिकारियों ने मिट्टी गिरा कर उसी के ऊपर ही पुराने पहले वाले इंटरलॉक की सड़क बना दी। जिससे कुछ मकानों को छोड़कर जिन्होंने ऊंचे बना रखे हैं बाकी सभी घरों में बरसात का पानी घुसेगा और कॉलोनी वासियों को परेशानी का सामना उठाना पड़ेगा। पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट नेहाउसिंग बोर्ड कॉलोनी द्वारा बनाए गए मकान का नक्शा ही बिगाड़ कर रख दिया। यहां सड़क पहले डेढ़ फुट हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी द्वारा अलाटमेंट के समय नीचे थी। अब मकान की भर्ती के बराबर हो चुकी है कहीं-कहीं तो भर्ती नीचे रह गई और सड़क ऊंची हो गई। कॉलोनी वासियों द्वारा उन्हें बार-बार आग्रह किया गया कि घरों में पानी तो पहले ही घुसता है और आप इसे सड़क को और ऊंचा कर रहे हो। अपनी कमी को छुपाते हुए अधिकारी यह कहते रहे कि आप चिंता मत करो सड़क ऊंची नहीं होगी। जब हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी द्वारा कॉलोनी वासियों को यह मकान अलाट किए गए थे। उस समय कम से कम सड़क मकान की भर्ती से एक से डेढ़ फुट तक नीचे थी।

# युद्ध की प्रकृति और वैश्विक हालात को देखते हुए वायुसेना को रहना होगा हमेशा तैयार

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयर फोर्स कमांडर्स कॉन्क्लेव को किया संबोधित

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत का स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम ह्यसुदर्शन चक्रह्न देश की सुरक्षा को नई मजबूती देगा और भविष्य की चुनौतियों से निपटने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने वायुसेना से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मिले रणनीतिक और ऑपरेशनल अनुभवों को ध्यान में रखते हुए आगे की तैयारियां और



मजबूत करने का आह्वान किया।

दरअसल रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दिल्ली में आयोजित एयर फोर्स कमांडर्स कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक हालात और आधुनिक युद्ध की प्रकृति को देखते हुए भारतीय वायुसेना को हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने वायुसेना को तकनीकी रूप से उन्नत, रणनीतिक रूप से आत्मविश्वासी और किसी भी चुनौती का प्रभावी जवाब देने वाली ताकत बताया। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह और वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

राजनाथ सिंह ने कहा कि जब पाकिस्तान की ओर से भारतीय ठिकानों को निशाना बनाने की नाकाम कोशिशें की गईं, तब देश के आम नागरिकों ने संयम बनाए रखा और सामान्य जीवन चलता रहा। यह स्थिति भारतीय जनता के अपनी सेनाओं पर गहरे भरोसे को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि जनता का यह विश्वास देश की सैन्य तैयारी और क्षमता की सबसे बड़ी ताकत है। रक्षा मंत्री ने रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास संघर्ष, बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि आधुनिक युद्ध में एयर पावर केवल सामरिक नहीं, बल्कि एक रणनीतिक साधन बन चुकी है। इसकी असली ताकत गति, आश्चर्य और त्वरित प्रभाव में है, जो न केवल युद्धक्षेत्र में बल्कि राजनीतिक स्तर पर भी स्पष्ट संदेश देने में सक्षम होती है।

# मैं मॉ की कसम खाकर कहता हूं यह बिल गरीबों की भलाई वाला नहीं

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने सदन में सरकार को घेरा

नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर। संसद के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन वीबी- जी राम जी बिल 2025 को लेकर भारी राजनीतिक हंगामा देखने को मिला। गुरुवार देर रात करीब 12.30 बजे राज्यसभा में यह बिल ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। बिल के पारित होने से पहले विपक्षी दलों ने तीखा विरोध जताया और इसे गरीबों, किसानों और महात्मा गांधी के विचारों के खिलाफ करार दिया। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने तो मॉ की कसम खाते हुए यहां तक कह दिया कि मैं मॉ की कसम खाकर कहता हूं कि यह बिल गरीबों की भलाई वाला नहीं है।

दरअसल विपक्ष की मांग थी कि बिल को सिलेक्ट कमेटी को भेजा जाए, लेकिन सरकार ने इस मांग को स्वीकार नहीं किया। बिल पर चर्चा के दौरान विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा में जोरदार नारेबाजी की। जब उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। इसके बाद विपक्ष की गैरमौजूदगी में सदन ने बिल को पारित कर दिया। इससे पहले बुधवार को लोकसभा



में करीब 14 घंटे की लंबी बहस के बाद यह बिल ध्वनिमत से पास हुआ था।

बिल के विरोध में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसदों ने संसद के मकर द्वार पर रातभर धरना दिया। टीएमसी सांसदों का आरोप है कि यह कानून महात्मा गांधी के नाम और उनके सिद्धांतों का अपमान है। उनका कहना है कि यह बिल ग्रामीण मजदूरों, किसानों और गरीब तबके के हितों को कमजोर करता है। टीएमसी नेताओं ने इसे जनविरोधी कानून बताते हुए केंद्र सरकार पर गरीबों की अनदेखी का आरोप लगाया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, मैं अपनी मां की और भारत मां की कसम खाकर कहता हूं कि यह कानून गरीबों की भलाई के लिए नहीं है। इससे आम आदमी को नुकसान होगा। खड़गे ने कहा कि सरकार बिना व्यापक चर्चा और सहमति के महत्वपूर्ण कानून पारित कर रही है।

### शिवराज ने जताई नाराजगी

वहीं दूसरी तरफ, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष के रवैये पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सरकार को उम्मीद थी कि विपक्ष गंभीर और सकारात्मक बहस करेगा, लेकिन इसके बजाय केवल बेबुनियाद आरोप लगाए गए। मंत्री ने दावा किया कि यह बिल ग्रामीण विकास और प्रशासनिक सुधारों के लिए जरूरी है। दोनों सदनों में बिल पारित होने के बाद राजनीतिक टकराव और तेज हो गया है। वहीं, शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन संसद के दोनों सदन बिना कोई अन्य कार्यवाही किए अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिए गए। विपक्ष ने संकेत दिए हैं कि इस कानून के खिलाफ संसद के बाहर और सड़कों पर भी विरोध जारी रहेगा।

# मनरेगा को बदलकर गरीबों का चूल्हा ठंडा करने की कोशिश, पंजाब विधानसभा में उठेगी आवाज: मान

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।

लोकसभा में भारी हंगामे के बीच गुरुवार को ह्यविकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशनह्न (जी राम जी) विधेयक पारित कर दिया गया। यह विधेयक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 को निरस्त कर उसकी जगह लेगा। केंद्र सरकार का दावा है कि नया कानून ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका को अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हालांकि, इस फैसले के साथ ही संसद के भीतर और बाहर राजनीतिक विवाद छिड़ गया है।

विपक्षी सांसदों ने सरकार पर आरोप लगाया है कि वह गरीबों और



ग्रामीण मजदूरों की कमाई के सबसे बड़े साधन को खत्म करने में लगी है। केंद्र के इस फैसले के विरोध में पंजाब सरकार ने सड़कों से लेकर सदन तक लड़ाई का ऐलान किया है। सरकार ने इस मुद्दे को उठाने के लिए जनवरी के दूसरे हफ्ते में पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने यह जानकारी दी।

सीएम भगवंत मान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, केंद्र की भाजपा सरकार गरीबों और मजदूरों की रोजी-रोटी का साधन मनरेगा स्कीम को बदलकर गरीबों के घरों का चूल्हा ठंडा करने की कोशिश कर रही है। इस जुल्म के खिलाफ पंजाबियों की आवाज उठाने के लिए जनवरी के दूसरे हफ्ते में पंजाब विधानसभा का स्पेशल सेशन बुलाया जाएगा। बता दें कि ह्यविकसित भारतः जी राम जी बिल को लेकर विपक्ष के विरोध के बीच कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने स्पीकर ओम बिरला से आग्रह किया था कि इस अहम विधेयक को विस्तृत जांच के लिए स्थायी समिति या संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा जाए।

# हरियाणा में वंदे मातरम पर चर्चा से लेकर मुख्यमंत्री और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।

हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र का दूसरा दिन काफी हंगामेदार रहा। सदन में वंदे मातरम पर चर्चा से लेकर मुख्यमंत्री और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। सत्र के दौरान विधायक घनश्याम ने वंदे मातरम पर चर्चा का प्रस्ताव रखा। कांग्रेस विधायक ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाकर कहा कि पहाड़ों को उद्योगपतियों को बेचा जा रहा है। इस पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस पर निशाना साधकर कहा कि आपने विभाजन के समय वंदे मातरम को काट दिया था। इस बयान के बाद सदन में जमकर नारेबाजी हुई और स्पीकर हरविंद्र कल्याण को सदन की कार्यवाही 30 मिनट (लंच तक) के लिए स्थगित



करनी पड़ी। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस द्वारा लाए अविश्वास प्रस्ताव पर चुटकी ली। उन्होंने ध्यान दिलाया कि नोटिस पर विपक्ष के नेता (भूपेंद्र सिंह हुड्डा) के हस्ताक्षर नहीं थे। कांग्रेस को हुड्डा पर यक ीन नहीं, देश की जनता को कांग्रेस पर नहीं, पर सदन में विपक्ष चाहिए था, हम तो हुड्डा साहब ही चाहते थे, चाहे कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व चाहे या न चाहे। हुड्डा साहब ही सही इस बयान के बाद कांग्रेस विधायक वेल में आ गए और जोरदार हंगामा किया।

हंगामे के दौरान जब मंत्री विज बोलना चाहते थे, तब स्पीकर ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इस पर विज नाराज हो गए और स्पीकर से ही भिड़ गए। उन्होंने शिकायत की कि उन्हें अपनी बात रखने का पर्याप्त मौका नहीं दिया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### कीटनाशक दवाइयों पर फर्जी मार्का लगाकर ऑनलाइन बेची

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।** नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित जस्सीपुरा में दिल्ली की कंपनी का ट्रेड मार्क लगाकर नकली कीटनाशक दवाइयों की बिक्री का पदार्फाश हुआ है। कंपनी के सहायक प्रबंधक ने ऑनलाइन बिक्री करने वाले के खिलाफ नगर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसीपी नगर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि नोएडा के सेक्टर तीन स्थित टूबड़ी कंसल्टिंग प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के सहायक प्रबंधक प्रेम शर्मा ने थाना पुलिस को बताया कि उनकी कंपनी के नाम से जस्सीपुरा स्थित ट्रांसपोर्ट पर नकली कीटनाशक की आपूर्ति हो रही है। टीम ने मौके पर छापेमारी की। जहां से कंपनी का मार्का लगी नकली कीटनाशक बरामद हुआ। प्रेम शर्मा ने बताया कि उनकी ग्राहक कंपनियों यूपीएल, आधुनिका एग्रोटेक लिमिटेड और बायर क्रॉप साइंस को उनकी कंपनी के नाम से नकली कीटनाशक आपूर्ति किया जा रहा था। गूगल पर आपूर्तिकर्ता का नाम मयंक कुमार खत्री और मोबाइल नंबर मिला। संपर्क करने पर उसे पकड़ने के लिए सहायक प्रबंधक ने आरोपी से संपर्क साधकर कुछ माल आपूर्ति करने को कहा। कीटनाशक की आपूर्ति के लिए 41 हजार रुपये भी आरोपी ने अपने खाते में ट्रांसफर कराए। आरोप है कि उसने माल आपूर्ति के लिए जस्सीपुरा के द्वारिकापुरी स्थित गोल्डन ट्रांसपोर्ट पर बुलाया, जहां आपूर्ति होने वाला माल बरामद हुआ।

### बुजुर्ग की तीमारदार बनकर आई नर्सों पर लाखों की चोरी का आरोप

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।** शिप्रा सृष्टि निवासी प्रमोद कुमार मलिक ने घर पर नियुक्त छह नर्सों पर लाखों के गहने और एक लाख रुपये की नगदी चोरी करने का आरोप लगाया है। आरोपी महिलाएं एलिजेंट वेलनेस सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड से नियुक्त की गई थीं। छह नवंबर को घर में चोरी हुई, 16 नवंबर के दिन पीड़ित को पता चला और 18 दिसंबर को पुलिस ने वर्षा, शमा, विनीता, शोभा, सोनिया और प्रियंका के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। दर्ज मामले में प्रमोद कुमार मलिक ने बताया कि उन्होंने अपनी 86 वर्षीय मां की देखभाल के लिए एलिजेंट वेलनेस सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड से दो नर्स नियुक्त की थीं। कंपनी ने प्रियंका और सोनिया को पहले देखरेख के लिए भेजा। कुछ दिन बाद उनकी मां के कुंडल गायब हो गए।

# किराया मांगने पर महिला की हत्या, शव सूटकेस में छिपाया

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**

नंदग्राम थाना क्षेत्र स्थित ओरा काइमेरा सोसायटी में फ्लैट का किराया मांगने पहुंची इंजीनियर की पत्नी की किरायेदार दंपती ने हत्या कर दी। आरोपी किरायेदार ने फ्लैट मालकिन के सिर में प्रेशर कुकर दे मारा और उसकी पत्नी ने दुपट्टे से गला घोट दिया।

किरायेदार दंपती ने महिला के शव को लाल सूटकेस में बंद कर अपने ही बेड के नीचे छिपा दिया। महिला के घर नहीं पहुंचने पर जब देर रात उनकी घरेलू सहायिका फ्लैट पर पहुंची तो आरोपी भागने की फिराक में थे। पुलिस के पहुंचने से पहले महिला के पति और सोसायटी के लोगों को बेड के नीच रखे एक



सूटकेस में महिला का शव मिला। नंदग्राम पुलिस ने आरोपी दंपती को गिरफ्तार कर शव मेडिकल परीक्षण को भेज दिया है।

### पहले कुकर से हमला फिर दुपट्टे से गला दबाया

मूलरूप से हापुड़ की इंद्रलोक कॉलोनी के रहने वाले इंजीनियर उमेश शर्मा पत्नी दीपशिखा और एक बेटी के साथ ओरा काइमेरा सोसायटी के एम-105 फ्लैट में रहते हैं। उनकी पत्नी दीपशिखा (48) एक निजी स्कूल में शिक्षिका थीं। उमेश शर्मा का इसी सोसायटी में एक अन्य फ्लैट एफ-506 है, जिसे 18 हजार रुपये प्रति माह किराये पर संजयनगर के रहने वाले ट्रांसपोर्टर जय गुप्ता और उसकी पत्नी आकृति गुप्ता को एक वर्ष पूर्व दिया गया था। बुधवार की रात करीब आठ बजे दीपशिखा पांच माह का बकाया किराया मांगने किरायेदार जय गुप्ता के फ्लैट में गई थीं।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि जय की किडनी खराब होने से उनका कार्य ठीक से नहीं चल रहा है। किराये को लेकर बातचीत के बीच दीपशिखा का दोनों से विवाद हो गया। विवाद मारपीट में बदल गया और बचाव में दीपशिखा ने जय गुप्ता के हाथ पर काट लिया।

इस पर आकृति ने दीपशिखा के गले में दुपट्टा डालकर खींचा और जय ने प्रेशर कुकर से उसके सिर पर हमला कर दिया।

दंपती ने घायल दीपशिखा को जमीन पर गिराकर उनका गला दबाकर हत्या कर दी।

### शव सूटकेस में डाल बेड के नीचे छिपाया

हत्या के बाद आरोपी दंपती ने शव को घर में रखे लाल रंग के सूटकेस में बंदकर अपने बेड के नीचे छिपा दिया। काफी देर तक जब दीपशिखा अपने घर नहीं लौटी तो घरेलू सहायिका मिनी जय गुप्ता के फ्लैट पर पहुंची और मालकिन की बाबत पूछताछ की। दंपती ने कहा कि दीपशिखा आई थीं और चली गई हैं। इस दौरान घरेलू सहायिका को जमीन पर खून के धब्बे दिख गए। उसने जाते समय फ्लैट का मुख्य दरवाजा बाहर से बंद कर शोर मचाया। दीपशिखा के पति उमेश शर्मा और अन्य लोगों को भी मौके पर बुला लिया। तलाशने पर दीपशिखा का शव सूटकेस में मिला।


# नोएडा पुलिस पर वकील को अवैध रुप से हिरासत में रखने का आरोप, सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**

सुप्रीम कोर्ट ने एक वकील की याचिका पर संज्ञान लेते हुए केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), गौतमबुद्ध नगर के पुलिस कमिश्नर, संबंधित एसीपी और एसएचओ को नोटिस जारी किया है।

दरअसल, यह पूरा मामला नोएडा सेक्टर-126 पुलिस स्टेशन में कथित अवैध हिरासत और यौन उत्पीड़न का है। याचिकाकर्ता वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 13 दिसंबर की रात उन्हें पुलिस द्वारा करीब 14 घंटे तक अवैध रूप से हिरासत में रखा गया, जबकि उन्होंने केवल अपने मुवक्किल के पक्ष में कानूनी दायित्व निभाया था। वकील का आरोप है कि उन्हें पुलिस हिरासत में मानसिक और यौन उत्पीड़न का शिकार बनाया गया। वकील ने इसे मौलिक अधिकारों का खुला उल्लंघन बताया।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस एनवी अंजारिया की दो सदस्यीय पीठ ने वकील की ओर से पेश की गई दलीलों



को सुना और प्राथमिक तौर पर मामले को गंभीर माना। इसके बाद कोर्ट ने सभी संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

अदालत ने यह स्पष्ट किया कि यह मामला व्यक्तिगत स्वतंत्रता, विधिक पेशे के अधिकार और पुलिस पावर के दुरुपयोग जैसे महत्वपूर्ण प्रश्नों से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रकरण की जांच और जवाब आवश्यक है। इस मामले की अगली सुनवाई 7 जनवरी को निर्धारित की गई है।

# प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दे पर चर्चा से भागा विपक्ष, केंद्रीय मंत्री रिजिजू का आरोप

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का यह बयान संसद के शीतकालीन सत्र (2025) के समापन के बाद विपक्ष की भूमिका और सरकार की उपलब्धियों पर केंद्रित है। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने गहरा खेद व्यक्त किया कि मोदी सरकार प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दे पर पूरे दिन चर्चा करने को तैयार थी, लेकिन विपक्ष (मुख्यतः कांग्रेस) ने इस मुददों को प्राथमिकता नहीं दी। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने अन्य दलों को उकसाकर सदन में हंगामा किया और वेल में आकर व्यवधान पैदा किया, जिससे इस महत्वपूर्ण विषय पर सार्थक संवाद नहीं हो सका।

केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने इस सत्र को ऐतिहासिक बताया क्योंकि पहली बार चुनाव आयोग और चुनावी सुधारों पर अलग से विस्तृत चर्चा हुई। उनका मानना है किः इस बहस के बाद चुनाव प्रक्रिया को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम दूर हो गए हैं। चुनाव आयोग पर सवाल उठाने वाले तत्व बेनकाब हो गए हैं। मोदी सरकार ने इस सत्र को अत्यंत उत्पादक बताया है। केंद्रीय मंत्री रिजिजू के अनुसार देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने के लिए इस पर विशेष चर्चा की गई। रिजिजू ने कहा कि पुराने सिस्टम में भ्रष्टाचार था, जिसे ठीक करने के लिए विकसित भारतः जी राम जी बिल लाया गया है।

## लूट और टप्पेबाजी के दो आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।** दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में लूट व टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को टीलामोड़ पुलिस ने 17 दिसंबर की रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इनमें दिल्ली के नंदनगरी का रहने वाला अभिषेक उर्फ गोली उर्फ मोहित व हर्ष विहार निवासी मनोज है। दोनों ने कुछ दिन पहले महिला से टप्पेबाजी कर कुंडल लिए थे और इंदिरापुरम क्षेत्र में एक युवक से मोबाइल छिनैती की थी। दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया है। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस कोयल एन्क्लेव के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक सवार अभिषेक और मनोज दो युवकों को रुकने का इशारा किया गया लेकिन वह भागने लगे। पीछा करने पर उन्होंने गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली अभिषेक के पैर में लगते ही दोनों गिर पड़े और पकड़े गए। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 15 दिसंबर को टीलामोड़ क्षेत्र के हर्ष विहार में एक महिला से टप्पेबाजी करके दो कुंडल ठगे थे और सात दिन पहले इंदिरापुरम क्षेत्र से एक व्यक्ति का मोबाइल फोन लूटा था।

# दिल्ली में यमुनापार रिवरफ्रंट पर बजेगा बैंड, आएगी बरात, डीडीए ने खोले प्राकृतिक उत्सव के द्वार

» **दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**

यमुनापार रिवरफ्रंट पर सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम करना कितना मनभावन हो सकता है, दिल्लीवासियों के लिए यह सोचना ही सुखद है। अब यह सपना हकीकत बनने जा रहा है। भीड़भाड़ और महंगे बैंकेट हॉल से दूर, प्रकृति की गोद में बसे असिता पार्क के हरे-भरे लॉन में अब आम लोग अपने सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगे। डीडीए ने इसके लिए असिता पार्क के कई लॉन बुकिंग के लिए खोल दिए हैं।

बांसेरा के बाद अब असिता पार्क को भी दिल्लीवासियों से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। यमुना नदी से लोगों का जुड़ाव बढ़ाने के उद्देश्य से डीडीए ने आईटीओ के पास लक्ष्मीनगर की ओर स्थित असिता पार्क के खूबसूरत लॉन सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजनों के लिए उपलब्ध कराए हैं। इस पहल से सीधे तौर पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना जुड़े हैं। डीडीए अधिकारियों के मुताबिक एलजी यमुना रिवरफ्रंट परियोजनाओं को अधिक से अधिक आम लोगों से जोड़ने के पक्ष में हैं।



### किराया 40 हजार से 3.3 लाख रुपये तक

डीडीए के मुताबिक, असिता पार्क में कार्यक्रम आयोजन का दैनिक किराया लॉन के आकार और लोकेशन के लिहाज से तय किया गया है। किराया 40 हजार रुपये से शुरू होकर 3.3 लाख रुपये तक है। वाटर बॉडी लॉन 1,560 वर्गमीटर क्षेत्र में 50 हजार रुपये प्रतिदिन, काना लॉन 2,860 वर्गमीटर में 1.40 लाख रुपये, मुख्य कॉन्फ्रिगेशन लॉन 8,900 वर्गमीटर में 2.90 लाख रुपये में उपलब्ध होगा। इसके अलावा बुद्ध लॉन 1.10 लाख रुपये, सूर्य लॉन 40 हजार रुपये, कैफे लॉन 1 लाख रुपये और सबसे बड़ा सर्कुलर लॉन 13,720 वर्गमीटर क्षेत्र में 3.30 लाख रुपये प्रतिदिन के किराये पर बुक किया जा सकेगा।

**एनजीटी के नियमों के तहत होंगे सभी कार्यक्रम**

कार्यक्रम के लिए अस्थायी और पर्यावरण-अनुकूल टेंट लगाने की अनुमति होगी। टेंट लगाने और हटाने के लिए अधिकतम तीन दिन का समय मिलेगा, जबकि सर्कुलर लॉन के लिए पांच दिन तक की अनुमति दी जा सकती है। सफाई शुल्क 2.75 रुपये प्रति वर्गमीटर तय किया गया है। एक साथ एक से अधिक लॉन भी बुक किए जा सकते हैं, हालांकि ऐसे मामलों में ऊंचा किराया लागू होगा। किराये में 40 वाहनों की पार्किंग सुविधा भी शामिल रहेगी। डीडीए ने साफ किया है कि सभी बुकिंग पर्यावरण सुरक्षा नियमों और राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के दिशा-निर्देशों के तहत ही होंगी। यमुना के फ्लडप्लेन की पारिस्थितिकी से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

### महंगे-शोरगुल वाले स्थलों का बेहतर विकल्प

करीब 197 हेक्टेयर में फैला असिता पार्क कभी अतिक्रमण और प्रदूषण का शिकार था।

# सांस के मरीज अधेड़ और एनीमिक बच्ची समेत सात की मौत

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**

कड़ाके की सर्दी बढ़ने के साथ ही सांस और दमा के मरीजों पर इसका असर गंभीर रूप से दिखाई देने लगा है। बृहस्पतिवार को एमएमजी अस्पताल में अलग-अलग इलाकों से लाए गए सात मरीजों की इलाज के दौरान मौत हो गई। इनमें बुजुर्गों के साथ एक चार वर्षीय बच्ची भी शामिल है।

छपरौला निवासी राजेश गुप्ता की चार वर्षीय बच्ची भावना को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। बच्ची को खून की भारी कमी थी। परिजन उसे समय रहते बचा नहीं सके और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराने उनके ताऊ मनोज गुप्ता साथ आए थे।

सीएमएस डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि गौशाला फाटक निवासी 65 वर्षीय हरपाल को सांस लेने में परेशानी होने पर उनका भतीजा चेतन एमएमजी अस्पताल लेकर पहुंचा था, लेकिन भर्ती प्रक्रिया के दौरान ही उनकी सांसें थम गईं। संजय नगर सेक्टर-23 निवासी 63 वर्षीय प्रेमशिला लंबे समय से दमा की



बीमारी से पीड़ित थीं। उनके पति उन्हें अस्पताल लेकर आए थे, लेकिन भर्ती होने के दो घंटे बाद ही उनकी मौत हो गई। इसके अलावा मवई रोड, विजय नगर निवासी 55 वर्षीय संतोष देवी, साहिबाबाद से लाए गए 18 वर्षीय शंकर और माधोपुरा निवासी 44 वर्षीय चंचल की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। डॉक्टरों का कहना है कि ठंड के मौसम में सांस और हृदय रोगियों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। सुबह-शाम ठंडी हवा से बचें, दवाइयों में लापरवाही न करें और तकलीफ बढ़ने पर तुरंत अस्पताल पहुंचें। लगातार बढ़ रहे मामलों ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है।

# पीएमवीबीआरवाई का 2 साल में 3.5 करोड़ से ज्यादा नौकरियों का लक्ष्य : केंद्र

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएमवीबीआरवाई) का उद्देश्य पूरे देश में 2 साल में 3.5 करोड़ से ज्यादा नई नौकरियां पैदा करना है। इस योजना के लिए सरकार ने 99,446 करोड़ रुपए का बजट तय किया है।

श्रम और रोजगार मंत्रालय और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने राज्यसभा में बताया कि योजना के इभाग एक के तहत जो कर्मचारी पहली बार नौकरी करते हैं, उन्हें सरकार की ओर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यह राशि कर्मचारी की एक महीने की



ईपीएफ सैलरी के बराबर होगी, जिसकी अधिकतम सीमा 15,000 रुपए है।

उन्होंने कहा कि यह प्रोत्साहन राशि रोजगार के पहले वर्ष के दौरान दो किस्तों में दी जाएगी। पहली किस्त, जो अधिकतम 7,500 रुपए होगी, नौकरी के 6 महीने पूरे होने पर दी जाएगी।

वहीं दूसरी किश्त 12 महीने की नौकरी पूरी होने और एक वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूरा करने के बाद मिलेगी।

यह दूसरी राशि सीधे बचत खाते या किसी सुरक्षित बचत योजना में जमा की जाएगी।

राज्य मंत्री ने कहा कि योजना के इभाग बीह्व में कंपनियों और नियोक्ताओं को फायदा दिया जाएगा। अगर कोई नियोक्ता अतिरिक्त कर्मचारी को कम से कम 6 महीने तक नौकरी पर रखता है, तो उसे सरकार की ओर से हर ऐसे कर्मचारी के लिए हर महीने 3,000 रुपए तक की मदद दी जाएगी।

यह योजना 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 तक लागू रहेगी। इसी अवधि में बनाई गई नौकरियों पर यह लाभ मिलेगा। इस योजना को 1 जुलाई 2025 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी। इसका मकसद रोजगार बढ़ाना, लोगों की काम करने की क्षमता बढ़ाना और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करना है, खासकर एमएसएमई, ग्रामीण उद्योग और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में। इससे पहले सरकार ने आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई) शुरू की थी, जो कोरोना महामारी के समय नौकरी देने वाले नियोक्ताओं को प्रोत्साहन देने के लिए लाई गई थी।

## चीन में लॉन्च हुआवे मेट 80 सीरीज ने बनाया रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।** हाल ही में चीन में लॉन्च हुई हुआवे मेट 80 सीरीज ने जबर्दस्त रिकॉर्ड बनाया है। इस स्मार्टफोन ने अपने लॉन्च के कुछ ही समय में इस सीरीज की 7.5 लाख से ज्यादा यूनिट्स बिक चुकी हैं। किसी भी फ्लैगशिप स्मार्टफोन के लिए इतनी तेज बिक्री बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इस जबरदस्त डिमांड ने न सिर्फ बाजार में हलचल मचा दी है, बल्कि हुआवे खुद भी इस प्रतिक्रिया से हैरान है। हुआवे मेट 80 सीरीज में हुआवे मेट 80, मेट 80 प्रो और मेट 80 प्रो प्लस जैसे मॉडल शामिल हैं। इन फोन्स को खासतौर पर दमदार परफॉर्मेंस, प्रीमियम डिजाइन और एडवांस कैमरा तकनीक के लिए पसंद किया जा रहा है। हुआवे का लेटेस्ट किरीन प्रोसेसर, एआई आधारित फीचर्स और बेहतर बैटरी मैनेजमेंट यूजर्स को काफी आकर्षित कर रहे हैं। कैमरा सेगमेंट में हुआवे पहले से ही मजबूत ब्रांड रहा है और इस सीरीज ने उसकी इस छवि को और मजबूत किया है। हालांकि, इतनी बड़ी सफलता के साथ कंपनी के सामने एक बड़ी चुनौती भी खड़ी हो गई है। भारी मांग के कारण सप्लाई चेन दबाव में आ गई है। कई ऑनलाइन और ऑफलाइन स्टोर्स पर फोन आउट ऑफ स्टॉक हो चुके हैं और ग्राहकों को लंबा वेटिंग पीरियड दिया जा रहा है। इसकी मुख्य वजह किरीन चिपसेट की सीमित प्रोडक्शन कैपेसिटी और हाई-एंड कैमरा व डिस्प्ले कंपोनेंट्स की कमी बताई जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर हुआवे सप्लाई को जल्द स्थिर कर लेता है, तो मेट 80 सीरीज आने वाले महीनों में बिक्री के और नए रिकॉर्ड बना सकती है।

## नया स्मार्टफोन सैमसंग गैलेक्सी ए07 5जी चर्चा में

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।** साउथ कोरियाई कंपनी सैमसंग का नया स्मार्टफोन सैमसंग गैलेक्सी ए07 5जी चर्चा में आ गया है। यह फोन हाल ही में गिकबेंच जैसे बेंचमार्क प्लेटफॉर्म पर देखा गया है, जहां इसका मॉडल नंबर एसएम-ए076बी सामने आया है। इस डिवाइस को एंड्राएड 16 के साथ टेस्ट किया जा रहा है, जिससे संकेत मिलता है कि यह सैमसंग का अगला बजट-फ्रेंडली 5जी स्मार्टफोन हो सकता है। गिकबेंच लिस्टिंग से पता चलता है कि गैलेक्सी ए07 5जी में करीब 6जीबी रैम दी जा सकती है, जो इस सेगमेंट में बेहतर मल्टीटास्किंग अनुभव देगी। परफॉर्मेंस के लिए इसमें मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 प्रोसेसर मिलने की संभावना है, जो रोजमर्रा के इस्तेमाल और 5जी कनेक्टिविटी के लिए उपयुक्त माना जाता है। रिपोर्ट्स यह भी बताती हैं कि सैमसंग के कई सपोर्ट पेजों पर इस फोन की जानकारी पहले ही लाइव हो चुकी है, जिससे इसके जल्द लॉन्च होने के संकेत मिलते हैं। माना जा रहा है कि यह फोन क्यू4 2025 या क्यू1 2026 में बाजार में आ सकता है। कीमत की बात करें तो गैलेक्सी ए07 5जी को सैमसंग बजट 5जी सेगमेंट में उतार सकती है। भारत में इसकी शुरुआती कीमत 11,000 से 13,000 रुपये के बीच हो सकती है, जबकि 6जीबी रैम वेरिएंट 14,000 रुपये के आसपास आ सकता है। फोन में 50एमपी का प्राइमरी कैमरा, बड़ी डिस्प्ले, 5000 एमएएच की बैटरी और फास्ट चार्जिंग सपोर्ट मिलने की उम्मीद है। इस फोन की सबसे बड़ी खासियत यह मानी जा रही है कि सैमसंग इसमें 6 साल तक एंड्राएड ओएस और सिक्योरिटी अपडेट दे सकता है।

# भारत-ओमान फ्री ट्रेड एग्रीमेंट अगले तीन महीनों में लागू होगा : गोयल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और ओमान कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (सीईपीए) अगले तीन महीनों में लागू हो सकता है। इससे भारत और ओमान के बीच ज्यादातर वस्तुओं में शून्य शुल्क के साथ व्यापार हो पाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ओमान और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता 2006 में साइन हुआ था और इससे लागू होने में तीन साल का समय लगा था। इस अनुभव से सीखते हुए भारत और ओमान ने नए सीईपीए को जितना जल्दी हो उतना जल्दी लागू करने का फैसला किया है।

इस समझौते में उन भारतीय दवा उत्पादों और मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स के लिए 90 दिनों के भीतर ऑटोमेटिक एप्रूवल का प्रावधान है जिन्हें कई देशों द्वारा मान्यता प्राप्त है।

भारत और ओमान सीईपीए गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मस्कट यात्रा के दूसरे दिन साइन हुआ था। यह समझौता भारत को ओमान के बाजारों तक पहुंच प्रदान करता है, जिसमें ओमान की 98.08 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर जीरो ड्यूटी की पेशकश की गई है, जो वैल्यू के हिसाब से भारत के 99.38 प्रतिशत निर्यात को कवर करती है। इससे लेबर-इंटेंसिव सेक्टर्स को काफी फायदा होगा, रोजगार पैदा होंगे और एमएसएमई, कारीगरों





और महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को मजबूती मिलेगी।

सीईपीए से टेक्सटाइल, लेदर, फुटवियर, रत्न और आभूषण, इंजीनियरिंग सामान, प्लास्टिक, फर्नीचर, कृषि उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, मेडिकल डिवाइस और ऑटोमोबाइल जैसे प्रमुख एक्सपोर्ट सेक्टर को पूरी तरह से टैरिफ खत्म होने से फायदा होगा, जिससे भारत की मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट कॉम्पिटिटिवनेस मजबूत होगी। साथ ही हमारे किसानों और छोटे व्यवसायों के हितों की रक्षा के लिए भारत के संवेदनशील सेक्टरों को सुरक्षा दी गई है।

वहीं, भारत की ओर से ओमान के लिए अपनी 77.79 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर टैरिफ कम किया गया है, जो वैल्यू के हिसाब से भारत के ओमान से 94.81 प्रतिशत आयात को कवर करती हैं।

यह समझौता सेवाओं के व्यापार के लिए एक व्यापक और भविष्योन्मुखी ढांचा प्रदान करता है, जिसमें आईटी, व्यावसायिक और पेशेवर सेवाएं, आरएंडडी, शिक्षा, स्वास्थ्य और ऑडियो-विजुअल सेवाएं शामिल हैं। सीईपीए की एक मुख्य बात यह है कि कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले सर्विस सप्लायर्स के लिए रहने की अनुमति की अवधि को 90 दिन से बढ़ाकर दो साल कर दिया गया है और इसे दो साल और बढ़ाया जा सकता है। इससे दोनों देशों को फायदा होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### शाओमी ने की टैबलेट्स की कीमतों में 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।** चीन की दिग्गज टेक कंपनी शाओमी ने अपने लोकप्रिय टैबलेट्स की कीमतों में 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर दी है। शाओमी अकेली कंपनी नहीं है जिसने कीमतें बढ़ाई हैं। वीवो और रियलमी जैसी ब्रांड्स ने भी हाल ही में अपने कई स्मार्टफोन मॉडल्स के दाम 2,000 रुपये तक बढ़ाए हैं। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इसकी सबसे बड़ी वजह मेमोरी कंपोनेंट्स की बढ़ती लागत है। रैम और स्टोरेज चिप्स के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिसका सीधा असर डिवाइस की फाइनल कीमत पर पड़ रहा है। खासतौर पर एलपीडीडीआर 4 मेमोरी चिप्स की सप्लाई में कमी आने की आशंका जताई जा रही है। ग्लोबल लेवल पर कंपनियां अब एलपीडीडीआर 5 टेक्नोलॉजी की ओर तेजी से शिफ्ट हो रही हैं, जिससे पुरानी चिप्स की उपलब्धता घट रही है।

### भारतीय शेयर बाजार बड़ी तेजी के साथ बंद, रियल्टी और ऑटो शेयरों में खरीदारी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।** भारतीय शेयर बाजार सप्ताह के आखिरी कारोबारी सत्र में बड़ी तेजी के साथ बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 447.55 अंक या 0.53 प्रतिशत की तेजी के साथ 84,929.36 और निफ्टी 150.85 अंक या 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,966.40 पर था। बाजार में तेजी का नेतृत्व ऑटो और रियल्टी शेयरों ने किया। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 1.67 प्रतिशत और निफ्टी ऑटो इंडेक्स 1.23 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसके अलावा, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रा और कमोडिटीज हरे निशान में थे।

## डिजिटल लेनदेन में आई तेजी, सक्रिय क्यूआर कोड की संख्या 70.9 करोड़ हुई

### अब इसका इस्तेमाल किराना-दवाइयां दुकानों, बस-रेलवे स्टेशनों और गांवों तक पहुंचा

» **मुंबई, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**

भारत में डिजिटल लेनदेन तेजी से बढ़ रहा है और अब रोजमर्रा की खरीदारी में खासकर दुकानों पर लोग इसका ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं। जुलाई से सितंबर के बीच यूपीआई के जरिए 59.33 अरब ट्रांजैक्शन हुए, जो पिछले साल के मुकाबले 33.5 फीसदी ज्यादा है। इस अवधि में कुल 74.84 लाख करोड़ रुपए का लेन-देन हुआ, जो पिछले साल की तुलना में 21 फीसदी ज्यादा है। यह वृद्धि देश में डिजिटल पेमेंट्स के तेजी से बढ़ने को दिखाता है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में अब 70.9 करोड़ सक्रिय यूपीआई क्यूआर कोड हो गए हैं। यह संख्या जुलाई, 2024 से अब तक 21 फीसदी बढ़ी है।

इन क्यूआर कोड्स का इस्तेमाल अब किराना दुकानों, दवाइयों की दुकानों, बस-रेलवे स्टेशनों और गांवों तक पहुंच चुका है। इस रिपोर्ट के मुताबिक यूपीआई का इस्तेमाल अब दुकानों पर भुगतान के लिए ज्यादा हो रहा है। दुकानों पर होने वाले लेन-देन में 35 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जो कि 37.46





अरब ट्रांजैक्शन तक पहुंच गई है।

लोगों के बीच होने वाले लेन-देन में 29 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जो कि 21.65 अरब ट्रांजैक्शन तक पहुंच गई। बता दें लोग अब यूपीआई का ज्यादा इस्तेमाल छोटी-मोटी खरीदारी जैसे खाना, यात्रा, दवाइयां और अन्य रोजमर्रा की चीजों के लिए कर रहे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीनों की संख्या भी बढ़ी है। ये मशीनें अब 35 फीसदी बढ़कर 12.12 मिलियन हो गई हैं। हालांकि, भारत क्यूआर की संख्या में थोड़ी कमी आई है, क्योंकि लोग अब यूपीआई क्यूआर कोड का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके साथ ही क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड से होने वाले लेन-देन में भी बदलाव आया है।

## एनटीपीसी की बिजली उत्पादन क्षमता 88 गीगावाट के पार, सोलर एनर्जी का योगदान बढ़ा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**

सरकारी बिजली कंपनी एनटीपीसी ने गुजरात और राजस्थान में अपने सोलर प्रोजेक्ट्स के जरिए 359.58 मेगावाट नई बिजली क्षमता जोड़ी है। इसके साथ ही समूह की कुल कमर्शियल बिजली क्षमता 85.5 गीगावाट (85,541 मेगावाट) से ज्यादा हो गई है।

एनटीपीसी के एक बयान के अनुसार, अतिरिक्त बिजली उत्पादन क्षमता में एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड की गुजरात स्थित 1,255 मेगावाट की खावड़ा-1 सोलर पीवी प्रोजेक्ट से 243.66 मेगावाट, राजस्थान के नोख सोलर पीवी प्रोजेक्ट से 78 मेगावाट, और गुजरात के एक अन्य सोलर प्रोजेक्ट से 37.92 मेगावाट बिजली शामिल है। यह सभी परियोजनाएं एनटीपीसी की सहयोगी कंपनियों द्वारा चलाई जा रही हैं। इसके साथ ही, एनटीपीसी समूह की कुल स्थापित कमर्शियल क्षमता 85,541 मेगावाट (85.541 गीगावाट) तक पहुंच गई है।

एनटीपीसी देश की कुल बिजली जरूरतों का लगभग एक-चौथाई हिस्सा पूरा करता है। कंपनी के पास अभी 85 गीगावाट से ज्यादा की क्षमता है और लगभग 30.9 गीगावाट नई क्षमता पर काम चल रहा है। इसमें 13.3 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा



क्षमता भी शामिल है।

एनटीपीसी ने साल 2032 तक 60 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा बनाने का लक्ष्य रखा है। इससे भारत के नेट जीरो (कम प्रदूषण) के लक्ष्य को मजबूती मिलेगी। कंपनी कोयला, पानी, सौर और पवन ऊर्जा से बिजली बनाकर देश को सस्ती और भरोसेमंद बिजली देने पर काम कर रही है।

बिजली बनाने के साथ-साथ एनटीपीसी अब ई-मोबिलिटी, बैटरी स्टोरेज, पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज, कचरे से ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे नए क्षेत्रों में भी काम कर रही है। एनटीपीसी ने अपनी 18वीं लेंडर्स मीट का आयोजन किया, जिसमें देश-विदेश के बड़े बैंक और वित्तीय संस्थानों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में कंपनी की प्रगति, भविष्य की योजनाओं और निवेश जरूरतों पर चर्चा हुई। एनटीपीसी के चेयरमैन गुरदीप सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने कंपनी के भविष्य और ऊर्जा बदलाव पर अपने विचार रखे।

# दुष्कर्म के केस में पलटी महिला, झूठी गवाही देने पर अदालत ने लगाया 500 रुपये जुर्माना

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।

दुष्कर्म के केस में गवाही के दौरान आरोपों से महिला पलटी तो सबूतों व गवाहों के अभाव में आरोपी बरी हो गया। महिला पर झूठी गवाही देने के चलते अदालत में सीआरपीसी की धारा 344 के तहत कार्रवाई चली तो सभी पक्षों को सुनने के बाद अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुरुषोत्तम कुमार की अदालत ने उसे दोषी करार दिया। साथ ही महिला पर 500 रुपये जुर्माना लगाया गया है।

महिला थाना एनआईटी में 27 दिसंबर 2021 को दुष्कर्म व धमकी देने की धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई थी। इस मामले में महिला ने आरोप लगाए कि एक युवक ने कई बार उसके साथ नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया और मारने की धमकी दी।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा और उसके खिलाफ अदालत में चालान पेश किया। ट्रायल के दौरान




जब महिला ने अदालत में बयान दिया तो वह अपने पहले के आरोपों से मुकर गई। उसने अभियोजन पक्ष का समर्थन नहीं किया, जिसके चलते अदालत ने आरोपी युवक को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। हालांकि, अदालत ने महिला के खिलाफ झूठी गवाही देने को लेकर अलग से कार्रवाई शुरू की।

सुनवाई के दौरान महिला ने स्वीकार किया कि उसने पारिवारिक दबाव और गलत कानूनी सलाह के चलते एफआईआर दर्ज कराई थी। अदालत ने उसके इस बयान को स्वीकार करते हुए उसे दोषी ठहराते हुए 500 रुपये का जुर्माना लगाया।

# स्कूलों पर करोड़ो खर्च, फिर भी बदहाली बरकरार

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।

हरियाणा के राजकीय विद्यालयों में शौचालयों की स्थिति सुधारने को लेकर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। आदेशों में यह स्पष्ट किया गया है कि राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और सुचारू शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

दरअसल, सोमवार को हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने पंचकूला स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल हरिपुर सेक्टर-4 का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान शौचालय में काफी गंदगी पाई गई। जांच में शौचालयों में पानी की व्यवस्था नहीं मिली और दरवाजे टूटे हुए पाए गए। इस पर राज्यपाल ने कड़ी नाराजगी जताते हुए स्कूल के टॉयलेट, कक्षाओं और हॉल की स्थिति तुरंत सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त को निर्देश दिए हैं कि स्कूलों के शौचालयों की सफाई सहित सभी जगह व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जाएं। निरीक्षण के बाद जिले के कई स्कूलों में पड़ताल की गई, जिनमें शौचालयों में गंदगी, पीने के पानी की



कमी व अन्य समस्याएं देखी गई।

जिले के कई राजकीय स्कूलों में शौचालय की व्यवस्था ठीक नहीं, वहां पानी की कमी, बैठने के लिए कमरे व जर्जर स्कूल परिसर आदि समस्याएं हैं। करोड़ों की लागत से बने कई स्कूलों में शौचालयों की हालत दयनीय है तो कहीं गंदगी का अंबार लगा है तो कहीं पानी की नियमित आपूर्ति नहीं है। इसका सीधा असर बच्चों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और शिक्षा पर पड़ रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों को काफी ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## स्कूल की छत क्षतिग्रस्त

न्यू गुरुग्राम स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शौचालय की हालत खराब होने के साथ-साथ स्कूल की छत भी क्षतिग्रस्त है। इसके अलावा कमरों की कमी के कारण विद्यार्थियों को प्राइमरी स्कूल की बिल्डिंग में बैठकर पढ़ाया जाता है।

## कमरों की कमी पढ़ाई में बन रही परेशानी

शिवाजी नगर स्थित स्कूल में शौचालय के साथ साथ ड्यूल डेस्क, कमरों की कमी है। विद्यार्थियों को ठंड में जमीन पर बैठने में भी मुश्किल होती है, इससे उनका स्वास्थ्य और पढ़ाई दोनों प्रभावित हो रही हैं।

## बारिश के समय भर जाता है पानी

बुढ़ेड़ा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के शौचालय में बारिश के समय में पानी भर जाता है। इसकी वजह से विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों को भी इसका इस्तेमाल करने में परेशानी होती है। वहीं, दूसरी तरफ स्कूल में कोई सफाईकर्मी भी नियुक्त नहीं है। शिक्षा निदेशालय के आदेश के बाद समय-समय पर राजकीय स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है।

## शौचालय की दीवार व दरवाजा टूटा

चंदू बुढ़ेड़ा स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में शौचालय की दीवार और दरवाजा टूटा हुआ है। शौचालय में गंदगी होने के कारण छात्राएं इसका उपयोग करने में असहज महसूस करती हैं। साथ ही स्कूल की इमारत की हालत भी काफी जर्जर है। दीवारों पर दरारें हैं।


# राज्यसभा सत्र की उत्पादकता रही 121 प्रतिशत, 8 विधेयक पारित

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।

राज्यसभा के 269वें सत्र का शुक्रवार को समापन हो गया। इससे पहले राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सदन को बताया कि इस सत्र में सदन का संसदीय कामकाज बेहतर रहा और सदन की उत्पादकता 121 प्रतिशत रही।

उन्होंने बताया कि संपूर्ण रूप से, सदन ने कुल लगभग 92 घंटे कार्य किया और इस सत्र की उत्पादकता 121 प्रतिशत रही।

सत्र के समापन पर उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति ने सदन की कार्यवाही, उपलब्धियों और चुनौतियों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। गौरतलब है कि सभापति के रूप में यह उनका पहला सत्र था। उन्होंने कहा कि सदन ने पांच दिनों तक देर तक बैठने या भोजनावकाश छोड़कर काम करने का निर्णय लिया गया, जिससे विधायी और अन्य कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ सके। इस सत्र में शून्यकाल में दिए गए नोटिसों की संख्या अभूतपूर्व रही। राज्यसभा में प्रतिदिन औसतन 84 नोटिस प्राप्त हुए, जो पिछले दो सत्रों की तुलना में 31 प्रतिशत अधिक है। शून्यकाल में प्रतिदिन औसतन 15 से अधिक मुद्दे उठाए गए, जो पिछले सत्रों की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा, सत्र के दौरान 58 स्टार्ड प्रश्न, 208 शून्यकाल



सबमिशन, 87 स्पेशल मेंशन उठाए गए।

राज्यसभा में महत्वपूर्ण बहस हुई। इनमें वंदे मातरम के 150 वर्ष और चुनाव सुधार पर चर्चा शामिल है। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर दो दिनों तक विशेष चर्चा हुई जिसमें 82 सदस्यों ने भाग लिया।

चुनाव सुधार पर तीन दिनों तक चली बहस में 57 सदस्यों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

विधायी कार्यों की बात करें तो सत्र के दौरान सदन ने 8 विधेयक पारित व वापस किए। जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) संशोधन अधिनियम, 2024 से संबंधित सांविधिक संकल्प को भी पारित किया। इसमें कुल 212 सदस्यों ने भाग लिया। वहीं, निजी सदस्यों के कार्य में भी अभूतपूर्व भागीदारी देखी गई। सदन में इस सत्र में 59 निजी विधेयक पेश किए गए, जबकि निजी विधेयक एवं प्रस्ताव पर हुई चर्चा में 22 सदस्य शामिल हुए।

# अमेरिका में अफीम तस्करी से जुड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह का इनामी सदस्य गिरफ्तार

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।

अपराध शाखा सेक्टर-40 की पुलिस ने पार्सल के माध्यम से अमेरिका में अफीम की तस्करी करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह के पांच हजार रुपये इनामी सदस्य को पंजाब के तरण तारण से 16 दिसंबर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश करके तीन दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह मादक पदार्थों को पाकिस्तान से मंगवाकर अमेरिका में पार्सल के माध्यम से सप्लाई करता था। आरोपी की पहचान तरण तारण (पंजाब) के कोट दाता गांव निवासी लखबीर सिंह (23) के रूप में हुई है। वह आठवीं कक्षा तक पढ़ा हुआ है। पंजाब पुलिस के एंटी नारकोटिक्स विभाग और आईबी से लखबीर सिंह की जानकारी साझा की। नशा तस्करी के मामले में नामजद आरोपी लखबीर सिंह मई 2023 के बाद से फरार चल रहा था। फरवरी 2025 में अदालत ने उसे भगोड़ा अपराधी घोषित किया था। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक ने आरोपी लखबीर सिंह की गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपये इनाम घोषित किया हुआ था। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी के बैंक खाते में एक साल के दौरान करीब 66 लाख रुपयों का संदिग्ध लेन-देन किया गया है।

## वर्ष २०२२ से जुड़ा था गिरोह से

लखबीर सिंह से पूछताछ में पता चला कि वह वर्ष 2022 से अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्कर गिरोह से जुड़ा हुआ है। गिरोह के सदस्य पाकिस्तान से अवैध मादक पदार्थ भारत में मंगवाते थे। पाकिस्तान आरोपी के गांव से मात्र चार किलोमीटर दूर है। लखबीर सिंह द्वारा खाद्य सामग्री के बॉक्स (च्यवनप्राश, लड्डू, खाने का सामान) के बीच में मादक पदार्थ पैक करके विदेश (यूएसए) में डंकी रूट से गए लोगों के फर्जी पते पर



पार्सल के माध्यम से भेजे जाते थे। लखबीर सिंह ने पुलिस को बताया कि प्रत्येक पार्सल भेजने के बदले उसे दो से पांच लाख रुपये मिलते थे। मामले में बरामद किए गए मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 4.5 लाख रुपये है। अमेरिका में इस मादक पदार्थ को करीब पांच गुणा कीमत (करीब 25 लाख रुपये) में बेचा जाना था। पंजाब से पार्सल डीटीडीसी कंपनी के माध्यम से भेजे जाते थे, जोकि आगे डीएचएल एक्सप्रेस के माध्यम से विदेश पहुंचते थे।

## मई २०२३ में पकड़ा गया था पार्सल

25 मई 2023 को गुरुग्राम के उद्योग विहार स्थित डीएचएल एक्सप्रेस कंपनी में विदेश भेजे जाने वाले पार्सल में एक्स-रे मशीन से जांच के दौरान संदिग्ध वस्तु होने का शक हुआ। कंपनी ने हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड को सूचना दी। जांच के दौरान टीम ने जब संदिग्ध डिब्बा खोला तो उसमें कुछ जोड़ी कपड़े, च्यवनप्राश के दो डिब्बे (प्रत्येक एक किलोग्राम) मिले। च्यवनप्राश के दोनों डिब्बों को काटा गया तो उनके अंदर प्लास्टिक पन्नी में छुपाकर रखी गई 842 ग्राम अफीम (422 ग्राम व 420 ग्राम) मिली। जब पार्सल के दस्तावेज की जांच करने पर पार्सल भेजने वाले नाम लखबीर सिंह मिला।

# संक्षिप्त खबरें

## भाजपा की बदले की राजनीति के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।** नेशनल हेराल्ड मामले में कोर्ट ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी को राहत दी है। इस फैसले के आने के बाद हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय (गुरुकमल) के बाहर विशाल प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेशभर से बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की और आरोप लगाया कि भाजपा राजनीतिक विरोधियों को दबाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने बदले की राजनीति के तहत कांग्रेस नेतृत्व पर झूठे मुकदमे थोपने की कोशिश की, लेकिन अब सत्य की जीत हुई है। प्रदर्शन में शामिल युवा कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर युवाओं, किसानों और मजदूरों के हितों की अनदेखी करने का आरोप भी लगाया। कटारिया ने कहा कि देश में बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक विभाजन के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा ऐसी राजनीति कर रही है, लेकिन अब जनता सच्चाई समझ चुकी है। इस प्रदर्शन में हरियाणा युवा कांग्रेस की सह प्रभारी प्रियंका चंदेलिया, अभिषेक यादव, अमृत अंबावता, मोहित तंवर, शिव प्रताप, गौतम यादव, विक्रम कटारिया समेत अन्य मौजूद रहे।

## नशा मुक्त हरियाणा मिशन के तहत एंटी-ड्रग जागरूकता रैली निकाली

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), फरीदाबाद द्वारा नशा मुक्त हरियाणा मिशन के अंतर्गत एंटी-ड्रग जागरूकता रैली तथा दो जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर सेक्टर-10 स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और ग्राम दयाल पुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और आमजन को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना रहा। यह कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह-अध्यक्ष डीएलएसए, फरीदाबाद संदीप गर्ग के मार्गदर्शन में व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सह-सचिव डीएलएसए फरीदाबाद की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# रेवले स्टेशन पर धीमी गति से चल रहा पुनर्विकास कार्य, यात्री परेशानी

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।

फरीदाबाद रेलवे स्टेशन को आधुनिक और विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने का सपना अब यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। वर्ष 2023 में जिस उत्साह और बड़े दावों के साथ स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की शुरूआत हुई थी वह अब कछुआ चाल में सिमटता नजर आ रहा है। 30 महीने में पूरा होने वाला यह प्रोजेक्ट 25 महीने बीत जाने के बावजूद अपने शुरूआती ढांचे से आगे नहीं बढ़ पाया है। इसके कारण यात्रियों का काफी परेशानी हो रही है।



रेलवे स्टेशन पर रोजाना हजारों यात्रियों का आवागमन होता है। लेकिन निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार के कारण स्टेशन परिसर अव्यवस्थित नजर आता है। सबसे अधिक परेशानी पार्किंग व्यवस्था को लेकर सामने आ रही है। मल्टीलेवल पार्किंग का कार्य अब तक अधूरा पड़ा है जिससे यात्रियों को सड़क किनारे या दूर-दराज इलाकों में वाहन खड़े करने पड़ रहे हैं। इससे न केवल ट्रैफिक जाम की समस्या होने के साथ हादसों का खतरा भी बना रहता है।

स्टेशन के प्रवेश और निकास मार्गों पर निर्माण सामग्री, खुदाई और बैरिकेडिंग के चलते आवाजाही मुश्किल हो गई है। सुबह और शाम के पीक ऑवर्स में हालात और बिगड़ जाते हैं। यात्रियों को प्लेटफॉर्म तक पहुंचने में अतिरिक्त समय लग रहा है वहीं बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को काफी असुविधा होती है।

पुनर्विकास योजना के तहत स्टेशन पर एस्केलेटर, लिफ्ट, आधुनिक वेटिंग हॉल, फूड कोर्ट, बड़ा कंकोर्स एरिया, इंटरमीडिएट ट्रांजिट हॉल, नए प्लेटफॉर्म शेड और अत्याधुनिक स्टेशन भवन का निर्माण प्रस्तावित है। इस पूरी परियोजना की लागत करीब 400 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि न तो स्टेशन भवन का विस्तार तेजी से हो रहा है और न ही यात्रियों को कोई अस्थायी सुविधा दी गई है। यात्रियों का कहना है कि निर्माण के नाम पर अव्यवस्था लंबे समय से फैली हुई है। प्रशासन की तरफ से अस्थायी इंतजामों की काफी कमी है।

# हीरो ने रातोंरात स्टार बना दिया था जैकी श्रॉफ को



बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ ने अपने अभिनय करियर के 42 साल पूरे कर लिए हैं। फिल्म हीरो के रिलीज होते है जग्गू दादा यानि की जैकी श्रॉफ रातोंरात स्टार बन गए थे। इस बेहद खास मौके पर जैकी श्रॉफ ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन में फिल्म का एक छोटा सा क्लिप साझा करते हुए लिखा, फिल्म हीरो के 42 साल पूरे ह्व इस पोस्ट के साथ उन्होंने अपने उस दौर को याद किया, जिसने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया था। फिल्म हीरो में जैकी श्रॉफ पहली बार लीड रोल में नजर आए थे। उन्होंने फिल्म में जैकी दादा नाम के एक गैंगस्टर का किरदार निभाया था, जो पुलिस कमिश्नर की बेटी राधा, यानी मीनाक्षी शेषाद्रि का अपहरण करता है। कहानी में आगे चलकर यह किरदार प्रेम और पश्चाताप के रास्ते पर चलता है और खुद को बदल लेता है।

रोमांच, एक्शन और रोमांस से भरपूर इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। फिल्म में अमरीश पुरी और संजीव कुमार जैसे दिग्गज कलाकारों की मौजूदगी ने इसे और मजबूत बनाया। हीरो की सफलता के बाद जैकी श्रॉफ ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने कर्मा, राम-लखन, खलनायक, सौदागर, बॉर्डर और रंगीला जैसी सुपरहिट फिल्मों में यादगार भूमिकाएं निभाईं। अपनी दमदार आवाज, अनोखे स्टाइल और सहज अभिनय के दम पर उन्होंने बॉलीवुड में एक अलग मुकाम हासिल किया। हालांकि, जब उनका स्टारडम चरम पर था, तब भी उनकी सादगी और जमीन से जुड़ा स्वभाव लोगों को खूब पसंद आया। कहा जाता है कि अपार सफलता के बावजूद जैकी श्रॉफ लंबे समय तक उसी चॉल में रहे, जहां उनका बचपन बीता था। काम के मोर्चे पर जैकी श्रॉफ जल्द ही फिल्म ह्रातू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में नजर आने वाले हैं। समीर विद्वांस के निर्देशन में बनी यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस और नमः पिक्चर्स के बैनर तले रिलीज होगी।



# कैंसर मतलब जिंदगी खत्म नहीं, सोहा अली के शो में हिना खान ने बताया मुश्किल दौर का अनुभव



टीवी एक्ट्रेस हिना खान ने अपने किरदारों से लाखों लोगों का दिल जीता है और आज भी रियलिटी शो कर फैंस को एंटरटेन कर रही हैं। साल 2024 अभिनेत्री के लिए मुश्किलों भरा रहा था, क्योंकि उन्होंने इसी साल स्टेज-3 के ब्रेस्ट कैंसर की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए फैंस को दी थी।

बीमारी का पता चलने से लेकर इलाज में होने वाली परेशानियों का सामना उन्होंने पूरी हिम्मत और धैर्य के साथ किया। अब उन्होंने अपने कैंसर जर्नी के बारे में सोहा अली के शो ऑल अबाउट हर में खुलकर बात की और अपने दर्द को साझा किया। सोहा अली ने अपने शो ऑल अबाउट हर का नया वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें वे हिना खान के साथ दिख रही हैं। हिना खान ने पहली बार किसी पॉडकास्ट पर आनी बीमारी और उसमें होने वाली तकलीफों पर खुलकर बात की है। वीडियो में हिना खान कहती हैं कि 1 साल तक बहुत सारे स्कैन हुए और समझ नहीं आ रहा था कि क्या हो रहा है। कीमोथेरेपी पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि ये बहुत दर्दनाक एक्सपीरियंस था, जिसे शब्दों में कह पाना मुश्किल है। उन्होंने आगे कहा कि लोगों के मन में डर है कि अगर कैंसर है तो जिंदगी खत्म है, लेकिन ऐसा नहीं है। कैंसर को हराया जा सकता है। अगर कैंसर को पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सकता तो मैनेज करेंगे, लेकिन जिंदगी को जरूर जीएंगे। सोहा अली ने अपने शो ऑल अबाउट हर में एक डॉक्टर के साथ कैंसर के हर बारीक पहलू पर बात की। अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, कुछ कहानी हिम्मत के लिए बताई जाती हैं और हिना खान की कहानी उन्हीं हिम्मत भरी कहानियों में से एक है। हिना की कहानी सिर्फ मजबूती की नहीं, बल्कि दरियादिली की भी है। हिना खान ने सोशल मीडिया पर अपने ट्रीटमेंट की सारी जर्नी को शेयर किया है। आज भी वे अपने परिवार की ताकत और प्यार की वजह से कैंसर से लड़ रही हैं। कैंसर की लड़ाई में भी उन्होंने अपने करियर पर फुलस्टॉप नहीं लगने दिया। अभिनेत्री आज भी रियलिटी शोज का हिस्सा बन रही हैं।

# अच्छे प्रदर्शन के बावजूद टीम इंडिया से बाहर होने पर बुरा लगा: ईशान किशन



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।** विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने अपनी कप्तानी में झारखंड को पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलवाया है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान बतौर कप्तान और खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करने वाले ईशान गुरुवार को हरियाणा के खिलाफ हुए फाइनल में शतक लगाकर प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। अपनी घरेलू टीम को चैंपियन बनाने के बाद ईशान किशन ने पहली बार भारतीय टीम से बाहर रहने पर चुप्पी तोड़ी है।

ईशान किशन ने कहा, मैं अच्छा प्रदर्शन कर रहा था, इसलिए जब मेरा चयन भारतीय टीम में नहीं हुआ, तो मुझे बहुत बुरा लगा। मैंने सोचा कि शायद मुझे और मेहनत करनी होगी। मुझे अपनी टीम को जीत दिलानी होगी। हमें एक टीम के रूप में अच्छा करना होगा। निराशा पीछे ले जाएगी, इसलिए हमेशा कड़ी मेहनत जारी रखनी होगी और खुद पर भरोसा बनाए रखना होगा। मेरा काम बस अच्छा प्रदर्शन करते रहना है। ईशान ने अपनी कप्तानी में झारखंड को चैंपियन ही नहीं बनाया है, बल्कि वे टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर भी रहे हैं। ईशान ने 10 मैचों की 10 पारियों में 2 शतक और 2 अर्धशतक लगाते हुए 197.32 की स्ट्राइक रेट से 517 रन बनाए। उनका सर्वाधिक स्कोर नाबाद 113 रहा। टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम का चयन संभवतः शनिवार को होगा। ईशान विकेटकीपर के साथ ही ओपनर और मध्यक्रम बल्लेबाज का विकल्प देते हैं। देखना होगा कि उन्हें टीम में वापसी का मौका मिलता है या नहीं। भारतीय टीम के लिए 2 टेस्ट, 27 वनडे और 32 टी20 मैच खेल चुके ईशान एशिया कप 2023 जीतने वाली और वनडे विश्व कप 2023 का फाइनल खेलने वाली टीम इंडिया के सदस्य रहे थे। नवंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। यह टी20 मुकाबला था।



# अंकिता लोखंडे के जन्मदिन पर पति विक्की जैन ने लुटाया प्यार

टेलीविजन की संस्कारी बहू के रूप में घर-घर में मशहूर हुई अभिनेत्री अंकिता लोखंडे शुक्रवार को अपना जन्मदिन मना रही हैं। इस अवसर पर उनके पति समेत मनोरंजन जगत के कई सेलेब्स ने बधाई दी। अभिनेत्री के पति विकास जैन ने अंकिता के साथ तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की। पोस्ट कर विकास ने लिखा, जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आप एक ऐसी इंसान हैं, जो मेरा सबसे ज्यादा ख्याल रखने के साथ-साथ भरपूर प्यार भी करती है। शायद मैं हमेशा आपके निष्ठावान प्यार और अपनेपन को कभी समझ नहीं पाया। जब यह समझ में आता है, तब पता चलता है कि हर चीज को साथ रखना कितना जरूरी होता है। उन्होंने आगे लिखा, तुम अपनी लोगों के रक्षक हो और जब किसी को तुम्हारी सबसे ज्यादा जरूरत होती है, तो तुम बिना हिचक खड़ी भी हो जाती हो। कई बार दुनिया तुम्हारी भावनाओं को पूरी तरह नहीं समझ पाती, लेकिन वही भावनाएं उन सभी को जोड़कर रखती हैं जो सच में मायने रखते हैं। उन्होंने आखिर में लिखा, मुझे अफसोस है कि मैं तुम्हारे जन्मदिन पर साथ नहीं हूं, वजह तुम जानते हो, लेकिन मैं वादा करता हूं कि इसकी भरपाई जरूर करूंगा। मैं तुमसे बहुत प्यार करता हूं। अभिनेत्री निया शर्मा ने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर अभिनेत्री के साथ एक मजेदार तस्वीर शेयर की। इसमें दोनों वीडियो कॉल पर बात कर रहे हैं।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी: ईशान किशन शीर्ष स्कोरर, टॉप 5 बल्लेबाजों में अजिंक्य रहाणे भी शामिल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 का समापन हो गया। गुरुवार को पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए फाइनल में झारखंड ने हरियाणा को 69 रन से हराकर खिताब जीता। झारखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 262 रन बनाए थे, और हरियाणा 193 रन पर सिमट गई। झारखंड ने पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती है।

कप्तान ईशान किशन का झारखंड की जीत में अहम योगदान रहा। पूरे टूर्नामेंट के दौरान शानदार बल्लेबाजी करने वाले किशन ने फाइनल में 49 गेंद पर 101 रन की पारी खेल टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई और प्लेयर ऑफ द मैच रहे। ईशान किशन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के शीर्ष स्कोरर भी हैं। आइए देखते हैं कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा संचालित घरेलू क्रिकेट की इस वार्षिक और प्रतिष्ठित टी20 टूर्नामेंट के शीर्ष 5 बल्लेबाज कौन हैं।

ईशान किशन टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। ईशान ने 10 मैचों की 10 पारियों में 2 शतक और 2 अर्धशतक लगाते हुए 197.32 की स्ट्राइक रेट से 517 रन बनाए। उनका सर्वाधिक स्कोर नाबाद 113 रहा। हरियाणा के अंकित कुमार दूसरे सफल बल्लेबाज रहे। 11 मैचों की 11 पारियों में अंकित ने 5 अर्धशतक लगाते हुए 448 रन बनाए। झारखंड के कुमार कुशाग्र तीसरे नंबर पर रहे। कुशाग्र ने 10 मैचों की 10 पारियों में 4 अर्धशतक लगाते हुए 422 रन बनाए।

हरियाणा के यशवर्धन दलाल 11 मैचों की 10 पारियों में 5 अर्धशतक की मदद से 398 रन बनाकर चौथे स्थान पर रहे। शीर्ष 4 में दो बल्लेबाज झारखंड के और दो बल्लेबाज हरियाणा के रहे। यही वजह रही कि दोनों टीमें फाइनल में पहुंची थीं। पांचवें स्थान पर अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे रहे। मुंबई के लिए खेलने वाले इस खिलाड़ी ने 10 मैचों की 10 पारियों में 3 अर्धशतक लगाते हुए 391 रन बनाए।



# ईरान और पाकिस्तान से एक दिन में 5,700 से ज्यादा अफगान शरणार्थियों को भेजा गया वापस

» **काबुल, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**



पाकिस्तान और ईरान से अफगानिस्तान शरणार्थियों को जबरन निकाले जाने का सिलसिला अब तक थमा नहीं है। तालिबान के एक बड़े अधिकारी ने शुक्रवार को जानकारी दी कि एक ही दिन में 5,700 से ज्यादा अफगान शरणार्थियों को पाकिस्तान और ईरान से जबरदस्ती वापस भेज दिया गया। तालिबान के डिप्टी प्रवक्ता मुल्ला हमदुल्ला फितरत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रवासियों के मुद्दों को सुलझाने के लिए हाई कमीशन की रिपोर्ट साझा की।

अफगान न्यूज पझवोक के अनुसार, गुरुवार को 1,084 परिवार अफगानिस्तान लौट आए। 1,084 परिवारों में 5,780 लोग शामिल थे।

हमदुल्ला फितरत ने कहा कि लोग हेरात में इस्लाम कला क्रॉसिंग, हेलमंद में बहरामचा, नंगरहार में तोरखम क्रॉसिंग, निमरोज में पुल-ए-अब्रेशम और कंधार में स्पिन बोल्डक के जरिए वापस लौटे। 1,178 परिवार, जिनमें 6,561 लोग शामिल थे, को उनके अपने इलाकों में ले जाया गया, जबकि 974 परिवारों को मानवीय मदद दी गई। इसके अलावा, टेलीकम्युनिकेशन कंपनियों ने हाल ही में अफगानिस्तान लौटे रिफ्यूजी को 1,019 सिम कार्ड दिए। फितरत ने कहा कि गुरुवार को ईरान और पाकिस्तान से 4,591 अफगान शरणार्थियों को जबरदस्ती निकाला गया। नवंबर की शुरूआत में, यूनाइटेड नेशंस हाई कमिश्नर फॉर रिफ्यूजी (यूएनएचआरसी) ने बताया कि पाकिस्तान ने 2025 में रिकॉर्ड संख्या में अफगानी प्रवासियों को हिरासत में लिया है, जिसमें सबसे ज्यादा गिरफ्तारियां बलूचिस्तान और पंजाब प्रांतों में हुई हैं। अफगानिस्तानी न्यूज एजेंसी खामा प्रेस ने बताया कि यूएनएचआरसी की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, ज्यादातर गिरफ्तारियां बलूचिस्तान के चगाई और क्वेटा जिलों और पंजाब के अटक जिलों में हुईं। एजेंसी के मुताबिक, पाकिस्तानी अधिकारियों ने 1 जनवरी से नवंबर 2025 के बीच 1,00,971 अफगानों को गिरफ्तार किया। इससे पहले 2024 में लगभग 9,000 और 2023 में 26,000 से ज्यादा गिरफ्तारियां हुई थीं।

यूएनएचआरसी ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों में से 76 फीसदी अफगान की नागरिकता वाले या बिना दस्तावेज वाले प्रवासी थे, जबकि बाकी 24 फीसदी के पास प्रूफ ऑफ रजिस्ट्रेशन कार्ड थे।

अफगान प्रवासियों को हिरासत में रखने में बढ़ोतरी 2025 में दो सरकारी ऑर्डर के बाद हुई है। पाकिस्तानी सरकार ने इस्लामाबाद और रावलपिंडी से अफगान प्रवासियों को हटाने का निर्देश दिया था, और पुलिस को पीओआर-कार्ड होल्डर्स को गिरफ्तार करने की इजाजत दी गई थी।

कई मानवीय संगठनों ने पाकिस्तान से यह सुनिश्चित करने की अपील की है कि कोई भी वापसी अपनी मर्जी से और अंतर्राष्ट्रीय जिम्मेदारियों के हिसाब से हो। उन्होंने चेतावनी दी कि बड़े पैमाने पर निकाले जाने से अफगानिस्तान की सीमा पर अस्थिरता पैदा होती है।

# इराक के पूर्व राष्ट्रपति सालेह संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त चुने गए

» **संयुक्त राष्ट्र, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**



इराक के पूर्व राष्ट्रपति बरहम सालेह को संयुक्त राष्ट्र का शरणार्थी उच्चायुक्त चुना गया है। खास बात यह है कि बरहम सालेह खुद भी कभी शरणार्थी रह चुके हैं। ऐसे समय में उन्हें यह जिम्मेदारी मिली है जब शरणार्थियों की मदद करने वाली इस एजेंसी को दो बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ धन की कमी है और दूसरी तरफ मदद मांगने वाले लोगों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी जारी है।

गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की सिफारिश पर सालेह को सर्वसम्मति से इस पद के लिए चुना। इससे यह जिम्मेदारी उस क्षेत्र के व्यक्ति को मिली है, जो खुद शरणार्थी संकट से बुरी तरह प्रभावित रहा है।

सालेह ने अपने चुनाव के बाद कहा, ह्लएक पूर्व शरणार्थी के तौर पर, मैं जानता हूं कि सुरक्षा और अवसर कैसे किसी के जीवन की दिशा बदल सकते हैं। यह अनुभव उन्हें संवेदनशीलता, व्यावहारिक सोच और अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति प्रतिबद्ध नेतृत्व देने में मदद करेगा। वे इटली के फिलिपो ग्रांडी की जगह लेंगे, जिनका दूसरा कार्यकाल इस साल के अंत में पूरा हो रहा है। ग्रांडी ने अपने उत्तराधिकारी का स्वागत करते हुए कहा कि बरहम सालेह का अनुभव उन्हें इस कठिन दौर में इस संस्था का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त बनाता है। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस खुद भी पहले शरणार्थियों से जुड़े इस शीर्ष पद पर रह चुके हैं। अब तक इस पद पर अधिकतर यूरोप के लोग रहे हैं। बरहम सालेह 2018 से 2022 तक इराक के राष्ट्रपति रहे। इससे पहले वे 2009 से 2012 तक कुर्दिस्तान के क्षेत्रीय प्रधानमंत्री भी रह चुके हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बंगलादेश में हादी के मौत के बाद हिंसा

**ढाका, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।** बंगलादेश में इंकलाब मंच आंदोलन के एक प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद आक्रोशित लोगों की भीड़ ने गुरुवार देर रात से शुक्रवार सुबह तक ढाका और कई अन्य शहरों में जमकर उत्पात मचाया और भारतीय उच्चायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर भारत विरोधी नारे लगाए। बंगलादेश में जुलाई विद्रोह के प्रमुख चेहरे और दक्षिणपंथी संगठन इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी की गुरुवार रात सिंगापुर के एक अस्पताल में मौत हो गई थी। ढाका के बिजोयनगर इलाके में 12 दिसंबर को एक चुनावी अभियान में हुए हमले में उसके सिर में गोली लगी थी। हादी की मौत की खबर फैलते ही समर्थक, कट्टरपंथी छात्र सड़कों पर उतर आए और आगजनी, तोड़फोड़ और लक्षित हमले शुरू कर दिए। आक्रोशित भीड़ ने खुलना और चट्टोग्राम में भारतीय सहायक उच्चायुक्त पर हमला करने की कोशिश की। चट्टोग्राम में प्रदर्शनकारी भारतीय उच्चायुक्त इमारत की ओर बढ़े और जाकिर हुसैन रोड पर पुलिस बैरिकेड्स तोड़ दिए और परिसर के बाहर धरने पर बैठ गए और भारत का बहिष्कार करो, अवामी लीग के अड्डों को जला दो, और हादी का खून बेकार नहीं जाएगाह्व जैसे नारे लगाए।

### ट्रंप ने फेंटानिल को घोषित किया सामूहिक विनाश का हथियार

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।** फेंटानिल के बढ़ते खतरे को देखते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस खतरनाक ड्रग्स को आधिकारिक तौर पर सामूहिक विनाश का हथियार घोषित किया गया है। यह आदेश ओवल ऑफिस में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन, व्हाइट हाउस के सीमा मामलों के प्रमुख टॉम होमन और अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में जारी किया गया। हस्ताक्षर के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि फेंटानिल वास्तव में सामूहिक विनाश का हथियार है, क्योंकि यह जिस पैमाने पर अमेरिकी नागरिकों की जान ले रहा है, वह किसी पारंपरिक बम या हथियार से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि कोई भी बम वह तबाही नहीं मचा सकता, जो यह खतरनाक सिंथेटिक ड्रग कर रहा है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इस नए वर्गीकरण के व्यावहारिक प्रभाव क्या होंगे.

# कट्टरपंथी नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद बांग्लादेश में भड़की हिंसा, निशाने पर कई मीडिया संस्थान

» **ढाका, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**



कट्टरपंथी ग्रुप इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद बांग्लादेश में हिंसा भड़क गई। इस दौरान कई मीडिया संस्थानों में आगजनी की खबर है। छह दिनों तक जिंदगी के लिए लड़ने के बाद हादी ने सिंगापुर के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। बांग्लादेशी मीडिया आउटलेट बीएसएस की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार रात राष्ट्र को संबोधित करते हुए अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने हादी की मौत की पुष्टि की। इंकलाब मंच के आधिकारिक फेसबुक पेज ने भी गुरुवार रात इस खबर की घोषणा की।

फरवरी में होने वाले चुनावों में ढाका-8 निर्वाचन क्षेत्र से संभावित निर्दलीय उम्मीदवार हादी को 12 दिसंबर को बिजोयनगर में सबके सामने सिर में गोली मार दी गई।

मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने हादी पर उस वक्त गोलियां चलाईं, जब वह ढाका के बिजोयनगर के बॉक्स कल्वरट इलाके में रिक्शा से जा रहा था। गंभीर हालत में शरीफ उस्मान हादी को ढाका के एवरकेयर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से सोमवार को उसे बेहतर इलाज के लिए सिंगापुर ले जाया गया था। हादी की मौत की खबर आने के कुछ घंटों बाद शुक्रवार सुबह गुस्साई भीड़ ने ढाका के कारवां बाजार में बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार की बिल्डिंग में आग लगा दी। आग पर काबू पाने के लिए छह फायर ब्रिगेड यूनिट भेजी गईं। इस दौरान पत्रकारों सहित कई कर्मचारी बिल्डिंग के अंदर फंस गए थे। उन्हें सुरक्षित निकाला गया। इलाके को सुरक्षित करने के लिए बांग्लादेश सेना के जवानों को तैनात किया गया, जबकि भीड़ सड़क के दूसरी ओर खड़ी रही।

इसी तरह की एक और घटना में लोगों का एक समूह राजधानी में शाहबाग से कारवां बाजार की ओर मार्च करते हुए गया, जहां उन्होंने बांग्लादेशी दैनिक प्रोथोम आलो की बिल्डिंग को घेर लिया और विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर तैनात पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को शांत करने की कोशिश की, लेकिन स्थिति को काबू में करने में नाकाम रही। यह हमला गुरुवार देर रात शुरू हुआ, जब प्रदर्शनकारी लाठियां और रॉड लेकर आए। उन्होंने ऑफिस में तोड़फोड़ की और उसकी ज्यादातर खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए। बांग्लादेशी दैनिक, ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, आधी रात के आसपास, प्रदर्शनकारियों का एक समूह ऑफिस में घुस गया और सड़क पर फर्नीचर और जरूरी दस्तावेज फेंककर आग लगा दी।

# टेक्सास सिटी ने बाढ़ के दौरान राहत कार्यों के लिए सेवा इंटरनेशनल को सम्मानित किया




» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**

टेक्सास के केर्विल शहर ने चार जुलाई को आई भीषण अचानक बाढ़ के दौरान राहत और पुनर्वास कार्यों में अहम भूमिका निभाने के लिए सेवा इंटरनेशनल और उसकी साझेदार भारतीय-अमेरिकी संस्थाओं को सम्मानित किया है। एक बयान के अनुसार, इन संगठनों ने आपात स्थिति से निपटने और लंबे समय तक चलने वाले राहत कार्यों में नेतृत्व और सेवा का उदाहरण पेश किया।

9 दिसंबर को केर्विल शहर प्रशासन, केर्विल आर्थिक विकास निगम और केर्विल टुगेदर रिकवरी ग्रुप की ओर से यह सम्मान दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि इस साल शहर पर आए सबसे कठिन संकटों में से एक के दौरान सेवा इंटरनेशनल ने व्यवस्थाओं को संभालने और स्थिर करने में बड़ी मदद की।

केर्विल के मेयर जो हेरिंग ने कहा कि यह केवल आपात सेवा नहीं थी, बल्कि सेवा का एक भाव था। उन्होंने कहा कि दूसरों की मदद करना ही ईश्वर की सेवा है और सेवा इंटरनेशनल ने हर दिन इसी भावना को जिया। उनके स्वयंसेवकों ने उस समय उम्मीद, व्यवस्था और मानवीय संवेदना दी, जब शहर को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। शहर के अधिकारियों ने आपात स्थल पर सेवा के स्वयंसेवकों की सक्रिय मौजूदगी को याद किया।

# अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना एयरपोर्ट पर विमान हादसे में सात लोगों की मौत

» **न्यूयॉर्क, यूटर्न/ 19 दिसम्बर।**



अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना राज्य के स्टेट्सविल शहर के एक क्षेत्रीय हवाई अड्डे पर एक छोटा जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, पुलिस ने यह जानकारी दी।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में मारे गए लोगों में एनएएससीएआर (नेशनल एसोसिएशन फॉर स्टॉक कार ऑटो रेसिंग) के पूर्व चालक ग्रेग बिफल, उनकी पत्नी और उनके दो बच्चे भी शामिल हैं।

फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) के मुताबिक, सेसना सी 550 विमान गुरुवार सुबह करीब 10 बजकर 20 मिनट पर हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान गिरते ही उसमें भीषण आग लग गई।

फ्लाइट-ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर के अनुसार, विमान ने सुबह 10 बजे के थोड़ी देर बाद उड़ान भरी थी, लेकिन कुछ ही समय में वह वापस लौट आया और दोबारा लैंड करने की कोशिश कर रहा था।

मृतकों की पहचान की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। यह प्रक्रिया मेडिकल जांच कार्यालय द्वारा पूरी की जा रही है।

स्टेट्सविल के सिटी मैनेजर रॉन स्मिथ ने कहा कि यह घटना अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है और कई एजेंसियां मिलकर राहत और जांच का काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जांच लगातार आगे बढ़ रही है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *